


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 52/ अंक 305/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 28 जून 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात की।

# मप्र में पांच रुपये में मिलेगी मामा की थाली

## मंत्रिपरिषद की बैठक: ट्रांसफर की तारीख 7 जुलाई तक बढ़ाई





मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट व एसीएस शिवनारायण मिश्रा ने चतुर्थ राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में जिला स्तर पर अधिकारी कर्मचारियों के तबादले अब सात जुलाई तक करने की अनुमति दी गई। यह अवधि अभी 30 जून निर्धारित थी। बैठक में लाडली बहना सेना के गठन के बारे में चर्चा की गई। यह कार्य 15 जुलाई से 15 अगस्त तक किया जाएगा। 10 जुलाई से लाडली बहना कार्यक्रम फिर प्रारंभ होगी, जिसमें 21 वर्ष की महिलाओं को योजना में शामिल किया जाएगा। जुलाई के प्रथम सप्ताह में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत कार्यक्रम होंगे।

प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में संचालित होने वाली दीनदयाल रसोई योजना के साथ अब मामा की थाली नाम जोड़ा जाएगा। कैबिनेट बैठक में बुधवार को यह निर्णय लिया गया। गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि नगर निगम के साथ नगरपालिका स्तर तक दीनदयाल रसोई योजना संचालित की जाएगी। इसमें खाना खाने वालों से 10 रुपये के स्थान पर पांच रुपये ही लिए जाएंगे। योजना के नाम के साथ मामा की थाली भी जोड़ा जाएगा।


प्रदेश के खरगोन, धार, भिंड , बालाघाट, टीकमगढ़ और सीधी जिले में नवीन चिकित्सा महाविद्यालय खोलने का निर्णय भी कैबिनेट में लिया गया। प्रत्येक महाविद्यालय में 100-100 सीट एमबीबीएस की रहेंगी। इन कालेजों के खुलने के बाद प्रदेश में इन कालेजों के खुलने के बाद प्रदेश में 30 मेडिकल कालेज हो जाएंगे। भाजपा की सरकार आने से पहले प्रदेश में कुल पांच मेडिकल कालेज हुआ करते थे। केबिनेट बैठक में यह भी तय किया गया कि प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द की जो खरीद हुई है, उस पर मंडी शुल्क और निराश्रित शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह प्रति 100 रुपये की खरीदी पर एक रुपये 70 पैसे शुल्क लगता है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में केले की फसल को प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान पर आर्थिक सहायता देने के नियमों में संशोधन का निर्णय लिया गया है। अब 50 प्रतिशत से अधिक क्षति होने पर एक लाख रुपये के स्थान पर दो लाख की सहायता किसानों को मिलेगी। वहीं, 33 से 50 प्रतिशत तक नुकसान होने पर 27 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर के स्थान पर 54 हजार और 25 से 33 प्रतिशत तक क्षति होने पर 15 हजार रुपये के स्थान पर 30 हजार रुपये की राहत राशि दी जाएगी।

### राष्ट्रीय जल पुरस्कार मिलना बड़ी उपलब्धि: चौहान

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जल पुरस्कार मध्य प्रदेश को मिलना बहुत बड़ी उपलब्धि है। कई चीजों में हम नंबर एक हैं। पहले हमने स्वच्छता के क्षेत्र में पुरस्कार लिया और अब मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय जल पुरस्कार मिला है। हम पहले स्थान पर आए हैं। बढ़ती हुई सिंचाई की क्षमता, पानी की एक बूंद का हम बेहतर उपयोग कैसे कर सकते हैं, हम इसके प्रयास कर रहे हैं। हम कैनाल इरीगेशन के साथ प्रेसराइज्ड पाइप से सिंचाई की परियोजना बनाएंगे क्योंकि उतने ही पानी में लगभग पौने दोगुना सिंचाई हो जाती है।

## सांध्यप्रकाश विशेष




## एबीपी न्यूज़ सी-वोटर का सर्वे

### बीजेपी-106-118, कांग्रेस-108-120

| | | |
|---|---|---|
| 1.मालवा- | भाजपा-23-27, | कांग्रेस-18-22 |
| 2.निमाड़- | भाजपा-11-15, | कांग्रेस-11-15 |
| 3.बघेलखंड- | भाजपा-21-25, | कांग्रेस-30-34 |
| 4.महाकौशल- | भाजपा-20-24, | कांग्रेस-18-22 |
| 5.भोपाल रीजन- | भाजपा-18-22, | कांग्रेस-03-07 |
| 6.चंबल- | भाजपा-07-11, | कांग्रेस-22-26 |

## भोपाल में भजापा के महत्वपूर्ण कार्यक्रम का संचालन आदिवासी महिला सरपंच ने किया

**भोपाल।** भोपाल में पीएम नरेंद्र मोदी के मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में हर कोई यह जानना के लिए आतुर दिखाई दे रहा था कि मंच का संचालन कौन महिला कर रही है। दरअसल यह महिला प्रदेश के दूरदराज आदिवासी बहुल डिंडोरी जिले की ग्राम पंचायत बस्तरा की सरपंच, भाजपा की बूथ कार्यकर्ता अनुसूचित जनजाति वर्ग की श्रीमती सोनम मरावी थी जिन्होंने मंच का सफल संचालन कर सबका दिल जीत लिया । बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी सोनम की तारीफ की। मप्र बीजेपी के संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने ट्वीट कर कहा कि यह वाकई अनुसूचित जनजाति वर्ग के सम्मान व गौरव की बात है।



## ओंकारेश्वर मंदिर में लगेगा 30 किलो चांदी से बना दरवाजा, श्रद्धालुओं के लिए होगा आकर्षण का केंद्र

ओंकारेश्वर। ओम्कारेश्वर ज्योतिर्लिंग जहां पर हमेशा श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिलती है दूर-दूर से बाबा ओमकारेश्वर के दर्शन करने के लिए लोग यहां पर आते हैं। बहुत से श्रद्धालु तो ऐसे भी रहते हैं जो कि बड़ा चढ़ावा बाबा के दरबार में चढ़ा कर जाते हैं कुछ ऐसा ही हाल ही में देखने को मिला है। दिल्ली के श्रद्धालुओं द्वारा 30 किलो चांदी मंदिर ट्रस्ट में दान की गई।



ऐसे में इस चांदी का उपयोग गर्भ गृह में जाते समय लगे चांदी के द्वार बनाने के लिए किया जा रहा है बता दें कि बाबा के गर्भ गृह में जाने के लिए जिस द्वार से होकर गुजरा जाता है वह आप 35 साल पुराना हो गया था जो कि क्षतिग्रस्त होने की वजह से इस को बदला जा रहा है और 30 किलो चांदी की मदद से नया दरवाजा बनाया जा रहा है, जिसे बुधवार को शुरू कर दिया जाएगा। पुराना दरवाजा चांदी और सागौन की लकड़ी से बनाया गया था।

## इंदौर 56 दुकान की तर्ज पर खुलेगी महाकाल नगरी में 36 दुकान, यूनिक नाम बताने वाले को मिलेगा 21 हजार का इनाम

**इंदौर।** इंदौर की आन-बान-शान मानी जाने वाली शहर की सबसे फेमस 56 दुकान अब महाकाल नगरी उज्जैन में भी बनने जा रही है। उज्जैनवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी साबित होगी इंदौर की 56 दुकान की तर्ज पर खुलने वाली 36 दुकान। बताया जा रहा है कि उज्जैन में खुलने वाली इस जायका चौपाटी में 56 दुकान की तरह ही स्वादिष्ट व्यंजनों को परोसा जाएगा।



इन दुकानों को एक मॉल की तरह आकर्षित रूप से बनाया जायेगा, जिसमें सुगम और सुंदर घूमने लायक जगहों को तैयार किया जायेगा। मिली जानकारी के मुताबिक उज्जैन के नानाखेड़ा क्षेत्र में खुलने जा रही इस 36 दुकान में लोग खाने-पीने के साथ-साथ घूमने का मजा भी ले सकेंगे। इसके लिए आने वाले दो तीन दिन में टेंडर जारी हो जाएंगे। इस खबर में एक रौचक बात यह भी सामने आ रही है कि इस 36 दुकान का यूनिक नाम बताने वाले को प्राधिकरण की ओर से 21 हजार रुपए का नगद पुरुस्कार दिया जायेगा।

## बारिश का कहर: रेवा पुल की मिट्टी में कटाव, ट्रेन रूट बदले



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मानसून एक्टिव होने के बाद तेज बारिश जारी है। 24 घंटे में नरसिंहपुर में 8.58 इंच पानी गिरने से हालात बिगड़ गए हैं। यहां जज के बंगले में पानी भर गया। जबलपुर - इटारसी रेलवे ट्रैक पर करेली-नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन के बीच बारुरेवा रेलवे पुल की मिट्टी में कटाव हो गया है। इस वजह से कुछ ट्रेन के रूट डायवर्ट किए गए हैं। कुछ को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। जिले के सभी नदी-नाले उफना गए हैं। शेढ़ बेलखेड़ी और झामर पुल पर पानी आ गया है। गोटेगांव - नरसिंहपुर मार्ग बंद है। भोपाल में भी बुधवार सुबह 7.45 के बाद से रुक-रुक कर पानी गिर रहा है। छिंदवाड़ा में रातभर पानी गिरा और यह सिलसिला बुधवार को भी जारी है। जबलपुर में भी बादल छाए हुए हैं। मलाजखंड में 5.64, मंडला में 5.33 इंच, जबलपुर में 3.26 इंच बारिश पिछले 24 घंटे में हो चुकी है। डिंडौरी में खरमेर नदी उफना गई है। डिंडौरी-मंडला पर रोड के रपटे से नदी का पानी जाने से यहां यातायात रोकना पड़ा है। शाहपुर से चौरा मार्ग में भी नदी उफान पर है। बालाघाट में लामटा - नैनपुर रोड पर घंघरिया के पहले मनकुंवर नदी का डायवर्जन पुल बह गया।

### जबलपुर में हिरन नदी में पिकअप गाड़ी बही

जबलपुर में हिरन नदी के पुल को पार करते समय पिकअप गाड़ी बह गई। हादसा मझौली थाना क्षेत्र के गाढ़ा गनियारी गांव में हुआ। पुलिस और हृष्ठक्रस्न की टीम मौके पर पहुंची है। गाड़ी में कितने लोग सवार थे? अभी इसका पता नहीं चल सका है। पानी पुल के ऊपर से बहने के कारण ट्रैफिक रोक दिया गया है।

### उत्तर-पश्चिमी राज्यों में 46 प्रतिशत ज्यादा बारिश, महाबलेश्वर में चट्टान ढहने से रास्ता बंद

**नई दिल्ली।** देश में हफ्ते भर लेट हुए मानसून ने अब रफ्तार पकड़ ली है। उत्तर-पश्चिमी राज्यों में अब तक मानसून सीजन में सामान्य से 46 फीसदी ज्यादा बारिश हुई है। देश के पूर्वी, मध्य, उत्तर-पश्चिम व पश्चिमी राज्यों में 4 दिन मानसून सक्रिय रहेगा।

मंगलवार रात बारिश के चलते महाराष्ट्र के सतारा जिले के महाबलेश्वर में चट्टान ढह गई। इसके चलते महाबलेश्वर-पोलादपुर रास्ते को बंद कराया गया। प्रशासन ने देर रात



मलबे को हटाने का काम शुरू किया, जो अब तक जारी है। कल महाबलेश्वर में 72 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई।

अगले 24 घंटे में 19 राज्यों में भारी बारिश का अनुमान है। भारी बारिश के चलते हिमाचल प्रदेश के शिमला में बाढ़ जैसे हालात हैं। मौसम विभाग ने हिमाचल में अगले 4 दिन बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां कुछ इलाकों में भारी बारिश भी हो सकती थी। दो दिन पहले हिमाचल के मंडी जिले में 48 घंटे में लैंडस्लाइड की दो घटनाएं हुईं। इसके चलते चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे-21 दो जगहों पर घंटों बंद रहा। इस रूट पर लगा जाम 20 घंटे बाद खुला। प्रदेश में भारी बारिश के चलते लगभग 301 सड़कें बंद कर दी गई थीं, जिन्हें अब खोल दिया गया है।

## सिंधिया को प्लेन में साथ ले गए प्रधानमंत्री, मप्र के राजनैतिक गलियारों में फिर मची हलचल



**भोपाल।** पीएम नरेंद्र मोदी कल 27 जून को वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ करने व बीजेपी के मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को संबोधित करने सहित मप्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के प्रचार का बिगुल बजाने भोपाल पहुंचे थे।

भोपाल में वन्दे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने,बूथ कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करने व अन्य कार्यक्रमों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली वापस लौटते समय केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से विभिन्न मुद्दों पर बात कर रहे थे , वार्तालाप करते करते अचानक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को दिल्ली साथ वापस चलने को कहा और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पीएम के हवाई जहाज में सवार हो गए। पीएम मोदी का केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भोपाल से इस तरह साथ दिल्ली ले जाना मप्र के राजनैतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है । मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए पीएम का केंद्रीय मंत्री को अपने साथ दिल्ली लाना सांकेतिक मायनो में अलग तस्वीर पेश कर रहा है, जिसको लेकर अब कौतूहल बना हुआ है की पीएम और केंद्रीय मंत्री के बीच हवाई जहाज़ में क्या चर्चा हुई होगी । हालाँकि सूत्रों से खबर है की प्रधानमंत्री कई बार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को अपने साथ विमान में ले जा चुके है।

## नदी में गिरा ट्रक, 5 लोगों की मौत

### ट्रक में सवार होकर शादी में जा रहे थे 54 मजदूर

**दतिया।** भांडेर अनुभाग के दुरसड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बुहारा में निर्माणाधीन पुल के नजदीक एक मिनी ट्रक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार 5 लोगों की मौत हो गई जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। प्रारंभिक तौर पर सिर्फ 5 लोगों की मौत की पुष्टि पुलिस द्वारा की



गई है। मरने वालों में 3 बच्चे भी शामिल बताए जाते हैं। उक्त सभी लोग शादी समारोह में शामिल होने ग्राम बिल्हेटी से ट्रक में सवार होकर टीकमगढ़ से जतारा जा रहे थे। घटना बुधवार सुबह 6ः00 बजे की बताई जाती है। ट्रक बारात लेकर लौट रहा था और उसमें दुल्हन भी थी। ये लोग टीकमगढ़ के जतारा से लौट रहे थे। मौके पर बचाव कार्य चल रहे हैं और पुलिस व प्रशासन के अफसर पहुंच गए हैं। घायलों इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पीड़?त परिवारों को हर संभव मदद करने की बात कही है।

## जनता का मुद्दा भ्रष्टाचार और महंगाई: कमलनाथ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने समान नागरिक संहिता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान के बाद बुधवार को अपनी प्रतिक्रिया दी है। भोपाल में अपने आवास से रवाना होने से पहले उन्होंने कहा, आज जनता का मुद्दा बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई है। यूनिफॉर्म सिविल कोड के बारे में कितने लोग जानते हैं? उन्हें अपने मुद्दों के बारे में बात करने दीजिए, हम अपने मुद्दों पर बात करेंगे। मंगलवार को भोपाल आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, विपक्ष समान नागरिक संहिता के मुद्दे का इस्तेमाल मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने और भड़काने के लिए कर रहा है।



## हिंडनबर्ग की भ्रामक रिपोर्ट के बावजूद कंपनी का कारोबार पहले से ज़्यादा मज़बूत - गौतम अदाणी

**नई दिल्ली।** अरबपति गौतम अदाणी ने कहा है कि समूह की कंपनियों के एफवाय 23 वित्तीय परिणाम उनकी सफलता का प्रमाण हैं, बावजूद इसके कि कंपनियों पर एक शॉर्ट-सेलर की रिपोर्ट में टारगेटेड मिसइंफॉर्मेशन दी गई. अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को अपने संबोधन में समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा कि बैलेंस शीट, एसेट्स और ऑपरेटिंग कैशफ्लो अब पहले से कहीं अधिक बेहतर हैं और लगातार मजबूत हो रहे हैं.

बीक्यू की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कहा, जिस गति से समूह ने अधिग्रहण किए हैं और उन्हें बदला है, वह पूरे राष्ट्रीय परिदृश्य में बेजोड़ हैं और इसने समूह के विस्तार को बढ़ावा दिया है।

अदाणी ने कहा कि शॉर्ट सेलर रिपोर्ट जानबूझकर गलत सूचना पर आधारित थी, जिसका उद्देश्य समूह की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना था और स्टॉक की कीमतों में जानबूझकर गिरावट के माध्यम से मुनाफा कमाना था। अदाणी एंटरप्राइजेज ने भारत की सबसे बड़ी फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफरिंग को पूरी तरह से सब्सक्राइब होने के बाद बंद करने का फैसला किया क्योंकि हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा स्टॉक हेरफेर और धोखाधड़ी का आरोप लगने के बाद स्टॉक अस्थिर रहा।

अदाणी ने कहा, पूरी तरह से सब्सक्राइब्ड फॉलो-ऑन सार्वजनिक पेशकश के बावजूद, हमने अपने निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए उन्हें वापस लेने और पैसा वापस करने का फैसला किया। अदाणी ने कहा, पैनल ने हमारे समूह के डिसक्लोजर्स की गुणवत्ता की पुष्टि की और नियामक विफलता या किसी प्रकार का कोई उल्लंघन नहीं पाया. हालांकि सेबी को आने वाले महीनों में अपनी रिपोर्ट जमा करनी है, हम अपने प्रबंधन और डिसक्लोजर्स मानकों के प्रति आश्वस्त हैं.




### साल के हाईलाइट्स

अदाणी समूह का कुल एबिटा 36प्रतिशत बढ़कर 57,219 करोड़ रुपये हुआ है, कुल आय 96प्रतिशत बढ़कर 1,38,715 करोड़ रुपये हो गई है और कर के बाद कुल लाभ 218प्रतिशत बढ़कर 2,473 करोड़ रुपये हो गया है.

अदाणी पोर्टफोलियो कंपनियों के लिए समूह का 2.65 बिलियन का डिलीवरेजिंग (ऋण कम करना) कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा हो गया है. अदाणी एंटरप्राइजेज ने नई दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड का अधिग्रहण किया है और क्विंटिलियन बिजनेस मीडिया लिमिटेड में 49प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है.

नवीकरणीय ऊर्जा व्यवसाय, अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने राजस्थान में 2.14 गीगावॉट की दुनिया की सबसे बड़ी हाइब्रिड सौर-पवन परियोजना शुरू की है और इसका परिचालन नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो 49प्रतिशत बढ़कर 8 गीगावॉट से अधिक हो गया है, जो भारत में सबसे ज्यादा है.

अदाणी टोटल गैस लिमिटेड ने इस वर्ष 124,000 घरों तक स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन की पहुंच का विस्तार किया. इससे राजस्व 46प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,683 करोड़ रुपये हो गया.

मार्च 2023 में, समूह ने बाजार की अस्थिर स्थितियों के बावजूद जीक्यूजी भागीदारों के साथ 1.87 बिलियन डालर का सेकेन्डरी ट्रांसजेक्शन सफलतापूर्वक पूरा किया।

# नशामुक्त भोपाल, नशामुक्त प्रदेश बनाने के लिए लिया संकल्प

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



नशा निवारण दिवस पर भोपाल में हुए अनेकों कार्यक्रम जिसमें सहारा साक्षरता एज्युकेशनल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा 30 जून तक संकल्प यात्रा जारी रहेगी जिसमें भोपाल जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नशामुक्ति जागरूकता के लिए प्रदर्शनी आयोजित कर चौपाल लगाएगी। इस चौपाल में प्रमुख रूप से बच्चे अपनी बात स्थानीय पार्षद, सरपंच, पंच से कह कर उनसे नशा न करने एवं नशा ना करवाने का संकल्प लेंगे, सार्वजानिक स्थानों पर खुले में कोई नशा न करें और न करने दें खास तौर पर माता-पिता अपने बच्चों से नशे की सामग्री न मंगाए जिसके लिए कानूनी प्रावधान बताएँगे।

अध्यक्ष सहारा साक्षरता एज्युकेशनल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसायटी अश्विनी कुमार श्रीवास्तव द्वारा बताया कि हमारे देश और प्रदेश में नशा एक गंभीर समस्या बनकर उभरी है जिसमें बड़े ही नहीं बल्कि छोटे-छोटे बच्चे भी आज नशे की गिरफ्त में आ रहे है। हम रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड या अन्य सार्वजानिक स्थानों में देखते है कि बच्चे बड़ी मात्रा में तम्बाकू से बने पदार्थ, गुटका, सिगरेट, बीडी के साथ-साथ थिनर, विक्स, आयोडीक्स, पंचर बनाने वाले टियूब का भी नशा करने लगे है जिसके लिए संस्था ने नशा निवारण दिवस से बस्ती - बस्ती, गांव-गांव चौपाल लगायेंगे जिसमें जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपने - अपने वार्ड, ग्राम पंचायत में नशा विरोधी अभियान चलाने की अपील करेंगे। 30 जून को बस्ती में रहने वाले बच्चों द्वारा कलेक्टर, कमिशनर और पुलिस विभाग, विधायक, मंत्री के साथ मध्यप्रदेश में मुखिया शिवराज सिंह चौहान से मिलेंगे। समन्वयक शिवकुमारी यादव ने बताया कि हमारी संस्था वालेंट्री रूप से लगभग 20 बस्तियों में भिक्षावृत्ति, पन्नी बीनने वाले कामों में लिप्त बच्चों को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के साथ स्वास्थ्य वातावरण मिले जिसके लिए हम सब काम कर रहे है। नशा निवारण दिवस पर हमने एक साथ इन बस्तियों में महिलाओ और बच्चों के साथ नशा मुक्त भोपाल, नशामुक्त प्रदेश बनाने के लिए चौपाल आयोजित कर रैली निकाली और संकल्प भी लिया।

सहारा साक्षरता एज्युकेशनल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसायटी के साथ जुड़े 300 से अधिक युवाओं ने 20 बस्तियों में 6 हजार 500 से अधिक लोगों को नशा न करने की समझाइश दी एवं उन्हें संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनोज बाथम उप संचालक समाज रक्षा, नशामुक्ति एवं नशामुक्त भारत अभियान संचालनालय सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग मध्यप्रदेश ने बताया कि आज प्रदेश भर के सामाजिक न्याय विभाग के कार्यालयों में सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने भी नशा निवारण दिवस पर नशा न करने और दूसरो को नशे से बचाने का संकल्प लिया है जिसमें भोपाल राज्य कार्यालय में ई रमेश कुमार (आई.ए.एस) संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग मध्यप्रदेश के साथ में स्वयं शामिल रहा। भोपाल संभाग जिला कार्यालय में आर. के सिंह संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय भोपाल ने पुराना सचिवालय में सभी अधिकारी, कर्मचारियों के साथ नशा निवारण दिवस पर संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मीनाक्षी वर्मा उपाध्यक्ष सहारा साक्षरता संस्थ, शिवकुमारी यादव जिला समान्वयक, रजनी देवी भौरवंशी, ममता पुरोहित एवं सीता राजपूत, सलिमुननिशा (गुडिया खान), हर्षिता सिसोदिया, कमल शेन्डे, प्रीति शाक्य, सपना बिन्झाड़े संस्था द्वारा संचालित क्रिएटिव लर्निंग सेंटर्स की शिक्षिकाए, बस्ती एवं सेंटर के बच्चो के साथ अन्य गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## मिठी गोबिंदराम स्कूल के विद्यार्थियों हेतु शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्टता कार्यक्रम



**संत हिरदाराम नगर।** शहीद हेमू कालानी एज्युकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित मिठी गोबिंदराम स?कूल में छात्रों में सदगुणों को विकसित करने के लिए शैक्षणिक क्षेत्र में उत?कृष?टता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिद्ध भाऊ ने संत शिरोमणि हिरदाराम साहिब के मानवीय संदेश को समाज में प्रसारित करने एवं समाज को संवेदनशील स्वरूप प्रदान करने हेतु सेवा-भाव, समर्पण, परित्याग, एवं सभी जीवों के प्रति आत्मीयता के भावों का संदेश दिया। सिद्ध भाऊ ने निन्?दा रस से दूर रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि हमें बुरी आदतों व विचारों से दूर रहना चाहिए। सभी को हमेशा अपने प्रति सजग रहना चाहिये। दूसरो के दोषों पर ध?यान न देकर केवल सदगुणो को आत?मसात करना चाहिए। परम् सत?ता एक है हमेशा उसका ध?यान व स?मरण करें। उन?होंने कहा कि आप जब पढ़ाई कर रहे हैं तो निश्चित ही आप सभी का जीवन में कुछ बनने का सपना होगा। इस हेतु आप जो भी व्यवसाय चुनें उसमें विशेषज्ञ बनने के प्रयास करें। पढ़ाई में ध्यान लगाने हेतु मन का निर्मल होना अत्यंत आवश्यक है। जिस विषय में आपकी रूचि हो उसी विषय को चुने और उसमें अपना कैरियर बनाएँ। अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा व विश्वास का भाव रखकर कृतज्ञ रहें।

## सिंधी समाज के विशिष्ट जन सम्मान में किरण वाधवानी को मिला सम्मान



**संत हिरदाराम नगर।** मंदसौर में विशिष्ट जन सम्मान समारोह का आयोजन कुशाभाउ ठाकरे सभाग्रह में रखा गया गया था जिसमें लगभग 50 व्यक्तियों को उनके कार्यों को देखकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में संत नगर महिला पंचायत की अध्यक्ष किरण वाधवानी को अनेक संस्थाओं से जुड़े रहने और समाजसेवा के लिए सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोहर ममतानी मानव अधिकार आयोग तथा धर्मपाल लोकवानी, पूर्व कुलपति और राम कोटवानी अध्यक्ष सिंधी समाज ने स्मृति चिन्ह और माला देकर सम्मानित किया। यहां परमानंद प्यासी कॉमेडियन गुजरात, शेफ उर्वशी गायक, भरत लखानी सब इंस्पेक्टर इंदौर, अनिल संगवानी कार्यालय मंत्री, जयपाल खत्री एक्साइज सब इंस्पेक्टर, पिंकी प्रकाश चंद हिंदुजा के साथ कई लोगों का सम्मान हुआ।

## किसानों की पद यात्रा तीसरे दिन भी जारी



**संत हिरदाराम नगर।** मंगलवार को भारतीय किसान संघ एवं मनोहर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में भोपाल से सीहोर जाने वाले मार्ग के बीच में कैचमेंट से मुक्ति की मांग को लेकर गांव गांव के किसानों द्वारा पदयात्रा निकाली गई जिसमे इंदौर रोड पर स्थित कोलूखेड़ी से प्रारंभ करके बकानियां होते हुए बरखेड़ा सालम में समापन किया एवं नारेबाजी और आंदोलन किए गए , सैकड़ों की संख्या में पदयात्रा लोग सम्मिलित रहे सभी की मांग थी कि केसमेंट को पूर्व मास्टर प्लान 2005 के अनुरूप रखा जाए एवं बैरागढ़ से लेकर फंदा जिन गांव में जहां भी केचमेंट बढ़ाया गया है वह तुरंत हटाया जाए कैचमेंट को हटाने की मांग को लेकर एक वृहद आंदोलन की चेतावनी दी एवं सभी ग्राम वासियों से अनुरोध है की अंतिम तिथि 30 जून तक आप अपनी आपत्ति आवश्यक रूप से जमा कर दें

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर 22 बीएलओ को निलंबित किया



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने मतदाता सूची के कार्य में लापरवाही बरतने और आदेशों का निर्वाहन नहीं किये जाने के फलस्वरूप 22 कर्मचारियों (बीएलओ) को मध्यप्रदेश सिविल सेवा के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है ।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 12 अप्रैल 2023 द्वारा बूथ लेवल अधिकारी के रूप में मतदाता सूची संबंधी कार्य संपादित किये जाने के लिए इन 22 कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई थी। उपरोक्त कर्मचारियों द्वारा अपने पदीय दायित्वों का निर्वाहन हेतु अपने कर्तव्य पर उपस्थित न होना आदेश की अवहेलना है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार अनिल मेराल सहायक ग्रेड-3, रंजन कुमार सक्सेना - अनुरेखक, विपिन ठाकुर सहायक ग्रेड-3, परियोजना संचालनालय, लो.नि.वि.पी.आई.यू. निर्माण भवन अरेरा हिल्स भोपाल, विजय त्रिपाठी - सहायक ग्रेड-3 म.प्र. राज्य कृषि विपण बोड अरेरा हिल्स भोपाल, प्रकाश पटेल उ.श्रे. लि., प्रकाश सावरे उ.श्रे. लि., शत्रुधन प्रसाद तिवारी उ.श्रे. लि., मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावास परिसर भोपाल, शंकर वेगा - सहा, ग्रेड-2 आदिम जाति कल्याण विभाग सतपुड़ा भवन, मनोज राज- सहा. ग्रेड-3 आर्थिक एवं सांख्यिकी संचा. विन्ध्याचल भवन, हरदेव सिंह सहायक ग्रेड-1 बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल, विजय मिढोरे सहायक ग्रेड-3 मनोज कुमार राठौर - सहायक ग्रेड-3, संतोष कुमार कुशवाह - सहायक ग्रेड-3, कार्यालय संचालक उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग विंध्याचल भवन भोपाल, अन्सी वर्गीस - सहायक ग्रेड-2, राजकुमार वर्मा सहायक ग्रेड-2, योगेश सरवैया सहायक ग्रेड-3, आयुक्त हथकरघा संचालनालय भोपाल, रमेश शर्मा - सहायक ग्रेड-3, सौरभ दुबे - सहायक ग्रेड-3, श्याम सिंह भदौरिया - सहायक ग्रेड-3, राजेन्द्र सिंह - सहायक ग्रेड-2, शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय कलिया सोत डेम के पास भोपाल, को निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 152 द क्षिण पश्चिम नियत किया गया है ।

इसी प्रकार जगदीश यादव- सहायक ग्रेड-3,शासकीय नवीन महाविद्यालय खटलापुरा और विजय कुमार पाटिल सहायक ग्रेड-3,जिला रोजगार कार्यालय ईदगाह हिल्स भोपाल को निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 150- भोपाल उत्तर नियत गया है।

## महापौर मालती राय ने आईएसबीटी कार्यालय में राजस्व विभाग का किया निरीक्षण



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

महापौर श्रीमती मालती राय ने आईएसबीटी स्थित निगम के राजस्व विभाग का निरीक्षण किया और विद्युत लाईन में हुए शार्ट सर्किट के संबंध में जानकारी प्राप्त की और विद्युत लाईनों के साथ ही कार्यालय की छत आदि में आवश्यक सुधार कार्य तत्काल करने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती मालती राय ने मंगलवार को आईएसबीटी स्थित निगम के राजस्व विभाग का निरीक्षण किया और राजस्व विभाग की विद्युत लाईनों में हुए शार्ट सर्किट आदि के बारे में विभाग के कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की। महापौर श्रीमती राय ने निगमकर्मियों की तत्परता की सराहना भी की। महापौर श्रीमती राय ने संबंधित अधिकारियों/ इंजीनियरों को निर्देशित किया की आईएसबीटी स्थित कार्यालयों की छत आदि में आवश्यक सुधार कार्य शीघ्रता से किये जायें ताकि वर्षा ऋतु में पानी आदि न टपके। श्रीमती राय ने विद्युत लाईनों का भी नियमित रूप से संधारण एवं मॉनीटरिंग करने के निर्देश भी दिये।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना में 267 जोड़ों के निकाह सम्पन्न

भोपाल। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत मंगलवार को सेट्रल लायब्रेरी मैदान पर आयोजित सामूहिक निकाह कार्यक्रम में 267 मुस्लिम जोड़ों के निकाह सम्पन्न हुए। निकाह की औपचारिकताएं काजी श्री जुनैद अहमद ने संपन्न कराई। सामूहिक निकाह कार्यक्रम में मध्यप्रदेश वक्फबोर्ड के अध्यक्ष श्री सनव्वर पटेल ने वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त सुश्री टीना यादव, सहायक आयुक्त सुश्री एकता अग्रवाल सहित नगर निगम एवं मध्यप्रदेश सामाजिक न्याय एवं निशक्त जनकल्याण के अधिकारी गणमान्य नागरिक व वर-वधू के परिजन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने राष्ट्रव्यापी मेगा रक्तदान अभियान का विस्तार किया

**भोपाल।** देश के अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल ब्रांड एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने आज विभिन्न शहरों में अपने राष्ट्रव्यापी मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव का आधिकारिक तौर पर उद्घाटन किया। यह आयोजन एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जिसका उद्देश्य समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालना है। जीवन साझा करने से जीवन अच्छा होता है के मुख्य विषय के तहत, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने सार्थक हस्तक्षेप करके भारत में अपने 26 वर्षों के सफल संचालन का जश्न मनाने की योजना बनाई है। राष्ट्रव्यापी मेगा रक्तदान अभियान के माध्यम से, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का लक्ष्य रक्तदान के महत्वपूर्ण महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और व्यक्तियों को इस नेक पहल में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। उसी पर टिप्पणी करते हुए, एलजी के प्रतिनिधि ने कहा, यह मेगा रक्तदान अभियान समाज के कल्याण के प्रति हमारे अटूट समर्पण का प्रतीक है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि रक्तदान में एकजुट होकर, हम असंख्य जिंदगियों पर जीवन बचाने वाला प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं। हमारी प्रतिबद्धता वर्तमान से भी आगे तक फैली हुई है क्योंकि हमारा लक्ष्य जनता के बीच जागरूकता बढ़ाते हुए इस पहल को लगातार आगे बढ़ाना है। अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने एक व्यापक जन जागरूकता अभियान तैयार किया है, जिसमें जनता को रक्तदान के कई लाभों के बारे में जागरूक करने और जीवन-रक्षक प्रयासों में उनके योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए रेडियो और डिजिटल प्लेटफार्मों का लाभ उठाया गया है। मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव नोएडा में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के कॉर्पोरेट कार्यालय में शुरू हुआ, जिसमें पहले दिन प्रभावशाली भीड़ देखी गई। कुल 200 पंजीकरण दर्ज किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 156 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

## हिंडालको महान में संविदाकार सम्मेलन का हुआ आयोजन



**भोपाल ।** हिंडालको महान के राकर्स क्लब में संविदाकार सम्मेलन का आयोजन हुआ,जिसमे हिंडालको में 55 से ज्यादा संविदाकारो ने भाग लिया। हिंडालको महान इकाई के कंपनी प्रमुख सैंथिल नाथ ने दीप प्रज्जवलित कर संविदाकार सम्मेलन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शामिल समस्त संविदाकारो का स्वागत करते हुये हिंडालको महान के पर्चेज हेड राम जतन गुप्ता ने कार्यक्रम की रूप रेखा पर प्रकाश डाला ,वही क्लस्टर पर्चेज हेड समीर देसाई ने बताया कि यह सम्मेलन संविदाकारों के अधिकारों, सुरक्षा और कार्य संबंधी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का उद्देश्य रखता है। कार्यक्रम में सुरक्षा के साथ औद्योगिक परिसर में कार्य करने हेतु महान टीम द्वारा लघु नाट्य के माध्यम से सुरक्षा के चरणों को कार्यशाला के माध्यम से समझाया गया।कार्यक्रम में शामिल

कंपनी के अन्य विभाग प्रमुखों ने भी अपनी बात रखी, जिसमे प्रमुख रूप से सी.पी.पी.हेड चंद्र शेखर सिंह ,वित्त प्रमुख सुशांत नायक व सेफ्टी हेड गिरिजा पंडा ने संविदाकारों को सुरक्षा को महत्वपूर्ण मानते हुए,सुरक्षा प्रथम -शून्य दुर्घटना का पालन करते हुये कार्य करने के लिये प्रेरित किया व सम्मेलन में संविदाकारों को काम करते समय सुरक्षित रहने, उच्चस्तरीय सुरक्षा प्रोटोकॉल को अपनाने के लिए विशेष उठाए गए उपायों से अवगत कराया।सम्मेलन में संविदाकारों को उनके मानवाधिकारों के बारे में जागरूक करने का भी प्रयास किया गया ।विशेषज्ञों द्वारा उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें यह समझाया गया कि कैसे वे अपने अधिकारों का समर्थन कर सकते हैं।इस सम्मेलन में संविदाकारो ने भी नई नीतियों और कानूनों के प्रशासनिक तथा कार्यान्वियनिक पहलुओं पर चर्चा की,व अपनी बात रखी।

संविदाकारों ने इस सम्मेलन को अपने मुद्दों को साझा करने,अनुभवों का विनिमय करने और अपने अधिकारों की प्रोत्साहना करने का एक महत्वपूर्ण मंच माना। उन्होंने अपने समस्याओं को सामने रखकर सहयोग और समर्थन का आग्रह किया।कार्यक्रम में कंपनी प्रमुख सेन्थिलनाथ ने इस तरह के आयोजन की प्रशंसा की और बताया कि आयोजन संविदाकारों के अधिकारों के प्रति समाज की जागरूकता बढ़ाने, उनकी सुरक्षा और सुरक्षा की नीतियों को सुधारने,और संविदाकारों के बीच संगठनात्मक तालमेल और सहयोग को बढ़ावा देने का भी उद्देश्य से सम्मेलन का आयोजन सफल हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन मुरली मनोहर तिवारी व अरफ़ा नाजमीन ने किया ,कार्यक्रम का सफल आयोजन में पर्चेज टीम का विशेष योगदान रहा।

## यास्मिन कराचीवाला टाईप 2 डायबिटीज़ पीड़ितों को दे रही हैं जीवनशैली के सुझाव

**भोपाल।** डायबिटीज़ आज एक आम समस्या बन चुकी है जिसका कारण अस्वस्थ जीवनशैली खराब खान-पान व्यायाम की कमी आदि हैं रिपोर्ट्स के अनुसार भारत में डायबिटीज़ से पीड़ित हर छठवाँ व्यक्ति भारत में है ये बहुत ही चिंताजनक आँकड़े हैं क्योंकि इंटरनेशनल डायबिटीज़ फेडरेशन के मुताबिक हमारे देश में 2045 तक 134 मिलियन लोग डायबिटीज़ से पीड़ित होंगे इस बढ़ती समस्या को रोका जा सकते हैं, जिसके लिए डॉक्टर के निर्देशों का पालन करते हुए कुछ सरल उपाय करने होंगे। बादाम खाएं नियमित रूप से बादाम खाने से खून में शुगर के स्तर में फायदा होता है इसके अलावा अस्वास्थ्यकर आहार को बादाम जैसे सेहतमंद विकल्प से बदलकर वजन भी नियंत्रण में रहता है बादाम में कम ग्लाईसेमिक इंडैक्स होता है, और ये प्रोटीन के अच्छे स्रोत हैं। इसलिए बादाम खाने से जंक फूड खाने की इच्छा कम हो जाती है, पेट भरा रहता है, और माँसपेशियाँ भी अच्छी बनती हैं। बादाम में अनेक पोषक तत्व, जैसे प्लांट प्रोटीन, डायटरी फाईबर, अच्छे फैट और महत्वपूर्ण विटामिन एवं मिनरल, जैसे विटामिन ई, मैग्नीसियम, और पोटेसियम पाए जाते हैं, जिसके कारण ये प्रि डायबिटीज़ और टाईप 2 डायबिटीज़ के पीड़ितों के लिए बहुत ही अच्छे आहार हैं। बादाम प्रतिदिन आहार में लिए जाने पर स्वास्थ्य को कई फायदे पहुँचाते हैं। ये वजन नियंत्रण और हृदय को स्वस्थ्य स्वस्थ रखने में भी मदद करते हैं। इसके अलावा, सब्जियाँ, फल, और साबुत अनाज डायबिटीज़ के नियंत्रण में फायदेमंद होते हैं। नियम से पूरी नींद लें - पूरी नींद लेने से डायबिटीज़ के अलावा कई और समस्याएं भी ठीक हो सकती हैं। आधी अधूरी नींद लेने से शरीर में इंसुलिन का रज़िस्टैंस बढ़ जाता है। इसलिए यदि आप हर रोज रात में 7 घंटे से कम नींद लेते हैं, तो डायबिटीज़ को संभालना मुश्किल हो जाता है। इससे आपको अगले दिन भूख ज्यादा लगती है, और खाने के बाद तृप्ति भी कम मिलती है।



## रिमझिम बारिश से तापमान में गिरावट

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजधानी में बुधवार को भी दिन की शुरुआत रिमझिम बारिश के साथ हुई। इसके असर से दिन का तापमान सामान्य से 7 डिग्री नीचे 27.2 डिग्री पर आ गया। सोमवार के मुकाबले इसमें 1.2 डिग्री की गिरावट हुई। रात का तापमान 23.6 डिग्री दर्ज किया गया। दिन और रात के तापमान में सिर्फ 3.6 डिग्री का अंतर रह गया। यह इस सीजन में दिन और रात के तापमान का सबसे कम अंतर है। जिले में अब तक 125.5 मिमी बारिश हुई: जिले में बुधवार को प्रातः 8:30 बजे की स्थिति को मिलाकर अब तक 125.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 28 जून को बैरागढ़ में 2.6 मिली मीटर, बैरसिया में 12.1मिली मीटर तथा कोलार क्षेत्र में 4.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है । जिले में 1 जून से 28 जून 2023 तक मिली मीटर 125.5 औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। अब तक बैरागढ़ में 186.1 मिली मीटर, बैरसिया में 112.9 तथा कोलार में 77.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।



# ट्रांसको ने ऊर्जीकृत किया सिवनी मालवा में 40 एमव्हीए क्षमता का ट्रांसफार्मर

### नर्मदापुरम् जिले की पारेषण क्षमता में हुई बढ़ोत्तरी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने नर्मदापुरम जिले में अपनी ट्रांसफारमेशन क्षमता में बढ़ोत्तरी करते हुए 132 के व्ही सबस्टेशन सिवनी मालवा में एक अतिरिक्त 40 एमव्हीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति प्रारंभ हो जाने से क्षेत्र के 198 गांव के तकरीबन 54300 कृषि एवं घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को फायदा पहुँचेगा। अब उन्हें भरोसेमंद उच्च गुणवत्तापूर्ण विद्युत सप्लाई समुचित वोल्टेज पर उपलब्ध रहेगी। नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा 132 केव्ही सबस्टेशन से 33 केव्ही के 02 नये फीडर निकलने वाले हैं जो तहसील मुख्यालय सिवनी मालवा एवं 8 किलोमीटर दूर स्थित धर्मकुण्डी क्षेत्र के करीब 9000 विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति करेंगे। इसी की तैयारी के मद्देनजर एमपी ट्रांसको ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की मांग के अनुरूप समय पूर्व इस ट्रांसफार्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है।



**33 के व्ही के 06 फीडर से होती है सिवनी मालवा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति:** एमपी ट्रांसको नर्मदापुरम् के कार्यपालन अभियंता श्री लक्ष्मण आर्या ने बताया कि 132 के व्ही सबस्टेशन सिवनी मालवा से एम पी ट्रांसको वर्तमान में 33 के व्ही के 6 फीडरों के माध्यम से विद्युत आपूर्ति करती है। इनमें सिवनी मालवा, धर्मकुण्डी, पगधाल, शिवपुर, बावरी एवं सूरजपुर क्षेत्र शामिल हैं। इनकी संख्या बढ़कर भविष्य में 8 हो जायेगी। इस नये 40 एम व्ही ए ट्रांसफार्मर के स्थापित हो जाने से सिवनी मालवा सबस्टेशन की ट्रांसफारमेशन क्षमता बढ़कर 90 एम व्ही ए की हो गई है। नर्मदापुरम् जिले में ट्रांसमिशन कंपनी अपने 220 के व्ही के 3 सबस्टेशन और 132 के व्ही के 6 सबस्टेशन के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है। अब नर्मदापुरम् जिले की कुल ट्रांसफारमेशन क्षमता बढ़कर 1925 एम व्ही ए की हो गई है। इसमें 220 के व्ही साइड 1080 एम व्ही ए तथा 132 के व्ही साइड 845 एम व्ही ए की स्थापित क्षमता शामिल है।

# सीहोर से लौट रहे बाइक सवार परिवार को ट्रक ने रौंदा

### नाबालिग बेटे और मां की मौत, पिता और दूसरे बेटे की हालत गंभीर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

शहर के खजूरी सड़क थाना इलाके में बाइक सवार परिवार के चार लोगो को ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। दर्दनाक हादसे में महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उसके 16 साल के बेटे की हॉस्पिटल में मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा पिता और 12 साल का बेटा गंभीर रूप से घायल है, जिनका निजी हॉस्पिटल में उपचार जारी है। दोनों का उपचार मल्टी केयर अस्पताल में चल रहा है। जहां दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है।

टक्कर मारने वाले ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। आरोपी चालक को भी हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक मोची मोहल्ला बैरागढ़ में रहने वाले 42 वर्षीय धनसिंह मालवीय मोटर वाइंडिंग का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी भूरी मालवीय (38) बेटा विनय मालवीय (16) और चिराग मालवीय (12) थे। बीती सुबह धनसिंह सीहोर में रहने वाले अपने साढ़ू के बेटे के मान कार्यक्रम में शामिल होने बाइक से परिवार सहित गए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद धनसिंह अपनी बाइक से परिवार सहित वापस भोपाल लौट रहे थे। शाम करीब 6 बजे खजूरी सडक़ इलाके के 11 मील बायपास पहुंचने पर 16 चक्का ट्रक ने पीछे से उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक की चपेट में आकर परिवार चलती बाइक सहित सड़क पर जा गिरा। घटना में बाइक पर सबसे पीछे बैठी पत्नि भूरी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं विनय ,चिराग और पति धनसिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगो की मदद से सभी को इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था। बाद में सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें इलाज के लिये ताजुल मस्जिद के पास स्थित मल्टी केयर हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया।

निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान विनय ने भी दम तोड़ दिया। वहीं धनसिंह और चिराग की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया गया है कि बाइक सवार परिवार को टक्कर मारने वाले आरोपी ट्रक चालक को बैरागढ़ में पकड़ लिया गया। खजूरी इलाके में हुए हादसे से पहले वो सीहोर से तीन-चार वाहनों को टक्कर मारकर आया था। इसके बाद उसने बैरागढ़ में एक वाहन को टक्कर मारी, जहां लोगों ने आरोपी चालक को पकडक़र पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी ट्रक चालक बेहद शराब के नशे में था। मर्ग कायम कर पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी है।

# जनसुनवाई में मुआवजे को लेकर हंगामा, बुजुर्ग ने की तोड़फोड़

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कलेक्टर की जनसुनवाई में मंगलवार को दंगा पीड़ित एक बुजुर्ग ने तोड़फोड़ कर दी। वह मुआवजा की अर्जी लेकर आए थे। हंगामा बढ़ता देख अधिकारियों को पुलिस बुलानी पड़ी। कोहेफिजा पुलिस ने बुजुर्ग को समझाइश देकर छोड़ दिया। करीब पांच साल पहले भी उन्होंने जनसुनवाई के दौरान इसी तरह का हंगामा करते हुए तोड़फोड़ की थी। कोहेफिजा टीआई विजय सिसोदिया ने बताया कि 75 साल के छोला निवासी कालूराम साहू मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे।

उन्होंने हॉल में घुसने के पहले ही धैर्य खो दिया और दरवाजे पर लाठी से प्रहार करने लगे। इससे कांच टूट गए। फौरन ही ऑफिसर बाहर आए तो साहू बहुत गुस्से में थे। यह देख अधिकारियों ने कोहेफिजा पुलिस को बुलाया। पुलिस उन्हें अपने साथ थाने ले गई। कलेक्टर ऑफिस की तरफ से कोई लिखित शिकायत नहीं की गई है। पुलिस ने भी उनकी उम्र को देख समझाइश देने के बाद छोड़ दिया। उनका आरोप था कि दंगे के दौरान उनके कारोबार को नुकसान पहुंचाया गया था। इसकी वजह से वह अब तक मुआवजा पाने के लिए भटक रहे हैं। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि उन्हें पहले भी तीन बार मुआवजा मिल चुका है। कलेक्टर बुधवार को फिर से उनसे बातचीत करेंगे।

## सार्थक जैन ने 50 मीटर सरफेस मोनो फिन में हासिल किया सिल्वर पदक

उत्तराखण्ड । हल्द्वानी नैनीताल में आयोजित होने वाली 6ह्लद्ध राष्ट्रीय फिन स्विमींग एवं अण्डर वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 25-26 जून, 2023 को इंदिरा गांधी इन्टरनेशनल स्टेडियम, ग्वालपुर, उत्तराखण्ड में आयोजित हुई जिसमें जिला भोपाल के सार्थक जैन सीनियर में 50 मीटर सरफेस मोनो फिन में सिल्वर पदक एवं 100 मीटर मोनो फिन में कांस्य पदक एवं चिराग आहुजा ने 200 मीटर सरफेस मोनो फिन में सिल्वर पदक तथा 50 मीटर सरफेस मोनो फिन में कांस्य पदक प्राप्त किये। मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष ओपी अवस्थी एवं मध्य प्रदेश ट्रायथलॉन संघ के सचिव, जेपी सक्सेना तथा भोपाल जिला फिन तैराकी संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण पण्डित, सचिव सुधीर नेमा एवं कोषाध्यक्ष प्रद्युम्न हर्णे ने बधाई दी।

# ग्राम ललार विकास के मामले में पीछे नहीं रहेगा: सिंह

**भोपाल।** पन्ना जिले का ग्राम ललार अब विकास के मामले में पीछे नहीं रहेगा, ग्रामवासियों की सहमति से इस गाँव के विस्थापन की बजाए सभी मूलभूत सुविधाएँ विकसित की जाएंगी। नदी, टापू और नेशनल पार्क की सीमा से लगे ललार में ग्राम के लोगों की सभी समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण होगा। खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने यह बात सोमवार को पन्ना जनपद पंचायत के ग्राम ललार में जन-समस्या निवारण शिविर में कही। मंत्री सिंह ने कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का विभागीय अधिकारियों द्वारा निराकरण किया जाएगा। गाँव में पुल-पुलिया, सड़क, हाईस्कूल और उप स्वास्थ्य केन्द्र की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। रनगुवां बांध से अचानक पानी छोड़े जाने के दौरान आवागमन की दिक्कतों और जनहानि की आशंका के मद्देनजर अलार्म की व्यवस्था की जायेगी। मंत्री सिंह ने कहा कि ललार को पर्यटन की दृष्टि से टूरिस्ट विलेज के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने जनता की मांग पर टैंकर और नाव प्रदान करने और नेशनल पार्क क्षेत्र में आस्था के केंद्र वाले मंदिरों को सुविधानुसार खोलने के लिए भी कहा। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि न्यूनतम 21 वर्ष की विवाहित महिलाओं को भी आगामी दिनों में लाड़ली बहना योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्रों का हितग्राहियों को वितरण किया। शिविर में ग्राम के बुजुर्ग व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया।



# एम्स भोपाल भारत के शीर्ष मेडिकल कॉलेजों में 20वें स्थान पर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

इंडिया टुडे द्वारा हाल ही में प्रकाशित की गई अखिल भारतीय रैंकिंग में, एम्स भोपाल ने देश भर के 57 शीर्ष मेडिकल कॉलेजों में 20वां स्थान हासिल किया है । यह संस्थान के लिए अत्यधिक गौरव का पल है, क्योंकि इससे पहले संस्थान ऐसी किसी भी रैंकिंग में कहीं नहीं था।

एम्स, भोपाल के कार्यपालक निदेशक एवं सी ई ओ, प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने संस्थान के सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों के महत्वपूर्ण योगदान के लिए उनके प्रति आभार जताया है । संदेश में उन्होंने लिखा, मैं एम्स भोपाल के सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों के महत्वपूर्ण प्रयासों एवं योगदान के लिए हृदय से आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनके प्रयासों से आज हम यह महत्वपूर्ण मुकाम हासिल करने में सफल हुए हैं । हम भविष्य में भी संस्थान को निरंतर आगे बढ़ाने तथा इसके बेहतर विकास के लिए इसी तरह के सक्रिय सहयोग की आशा करते हैं । संस्थान के संकाय सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रोफेसर (डॉ) अजय सिंह कार्यपालक निदेशक एम्स भोपाल को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए एम्स भोपाल की सफलता के लिए उनके प्रयासों और नई ऊंचाइयों की राह पर आगे बढ़ाने की दिशा में उनकी अनुकरणीय नेतृत्व शैली के लिए उन्हें धन्यवाद दिया ।

# ईद-उल-अज़हा पर्व को लेकर आल इंडिया मुस्लिंम त्यौहार कमेटी की एडवायजरी

अल्लाह रब्ब ए करीम के करम से अल्हम्दुलिल्लाह मैं बखैर सेहतमन्द हूँ ,मुझे उम्मीद है कि आप सब लोग भी बखैर खुशहाल और आफियत से होंगे। इस मौके पर मैं आप सभी हज़रात की खिदमत में ईद-उल-अज़हा (ईद ए कुर्बानी) की पुरखुलूस मुबारकबाद पेश करता हूँ आप कुबूल फरमाएं........

दोस्तों जैसा कि आप हजरात को मालूम ही है कि ईद-उल-अज़हा 10, 11 और 12 ज़िलहिज्जा 1444 हिजरी, मुताबिक 29,30 जून और 01 जुलाई 2023 ष्बरोज़ुजुमेरातजुमाद्बसनीचर को देश भर में परम्परागत तरीके से मनाई जाएगी। मगर आज के इस दौर में हम सब को हालात पर गहरी नज़र रखते हुए अक्लमंदी व होशमंदी के साथ फूंक-फूंक कर कदम रखना होगा और समझदारी से काम करना होगा,आप लिहाज़ा मेरी इन चंद अहम और ज़रूरी बातों पर तवज्जो दें और इस पर ज्यादा से ज्यादा अमल करने की कोशिश करें। इंशाअल्लाह सब बेहतर होगा ...

1- आप जब कुर्बानी के जानवर को खरीद कर लाएं तो उसको अपनी शान और दौलत दिखाने के लिए अपने मोहल्ला और आबादी में लोगों को जगह जगह दिखाते ना फिरें। सिर्फ और सिर्फ अल्लाह तआला की खुशनूदी और सवाब की नियत से कुर्बानी करें, अगर दिखाने की नियत से कुर्बानी करेंगे तो सिर्फ आपको गोश्त ही मिलेगा सवाब नहीं मिलेगा और रियाकारी दिखावा अल्लाह पाक को नापसंद है यह ज़रूर ध्यान में रखें

2-आप ईद पर सिर्फ उन्हीं जानवरों की कुर्बानी करें जिन पर हुकूमत की तरफ से कोई भी कानूनी पाबंदी नहीं है,कानून के खिलाफ हरगिज़ कोई काम ना करें।

3- आप कुर्बानी सड़क पर या आम रास्ते पर बिलकुल ना करें,घर के अंदर करें या फिर घर में जगह ना हो तो मस्जिद,खांनकाह,दरगाह,मदरसा,इमामबाड़ा,कर्बला परिसर में सरकार द्वारा निर्धारित जगह पर ही करें।

4- आप कुर्बानी का खून और गंदगी पानी डालकर नालियों में न बहाएं,जानवर ज़िबह करने से पहले गड्ढा खोदकर उसमें गिराएं फिर उस पर मिट्टी डालकर बंद कर दें।

5- आप जानवरों की आंतें ओजड़ि वगैरह और वह चीजें जिनका खाना जायज़ नहीं है वह किसी कूड़ादान में या आम सड़क पर हरगिज हरगिज़ ना फेंके उनको आसपास ज़मीन में दफन कर दें या नगर पालिका निगम या पंचायत के सफाई कर्मचारियों को सौंप दें

6-आप कुर्बानी के जानवर को ज़िबह करते वक्त उसका फोटो,वीडियो भी न बनाएं और न ही उसको सोशल मीडिया पर भेज कर तमाशा बनाएं, यह बात शरई इस्लामी और कानूनी तरीके से भी गलत है और फितना का सबब है।

7- आप सभी अपने गांव, मोहल्ला ,कस्बा, शहर में हर हाल में अमन व अमान बनाकर रखें,अपनी तरफ से किसी की दिल आज़ारी करके या कोई गलत काम करके हालात को कतई न बिगाड़ने दें

8- जहाँ भी अगर आपको कुर्बानी करने में कोई रुकावट किसी भी तरह की आती है तो मक़ामी जिला इंतज़ामियां के अफसरों से या पुलिस के ज़िम्मेदार अफसरों से फौरन राब्ता करें, बेफुजुल की बातें हरगिज़ न करें।

9- आप खुद भी गलत अफवाहों से बचें और किसी भी तरह गलत अफवाहें न फैलने दें,

10- अगर कहीं कोई मसला हो तो अपनी आबादी के अंदर कमेटी के जिम्मेदार और समझदार हज़रात से और जिला के आला और जिम्मेदार अधिकारी से फौरन राब्ता करें, बहुत सब्र इतमिनांन से काम लें इसी में सबकी बेहतरी है।

11. ईदगाहों , मस्जिदों, खांनकाहों, दरगाहों, इमामबाड़ों, मदरसों,कर्बला मैदानों, आस्तानों और जहाँ जहाँ भी ईद की नमाज़ का इंतेज़ाम होता है वहीं पर नमाज़ अदा करें, सड़कों, चौक चौराहों पर ट्राफिक जाम नहीं होने दें .. रब करीम से मेरी दुआ है कि अल्लाह तआला अपने हबीब पाक स.अ.व के सदके और तुफैल में हमारे प्यारे मुल्क को और पूरी दुनिया को अमन व अमान ,खुशहाली अता फरमाए। आमीन।

सुम्मा आमीन...आपका खादिंम ए कौम ओ मिल्लत ... पीरज़ादा डा.औसाफ़ शाह मीर खुर्रम मियाँ चिश्ती ,चैयरमेन, आल इंडिया मुस्लिंम त्यौहार कमेटी,नई दिल्ली

## आयोगों के गठन की घोषणा क्रे पोस्ट पर पुनर्विचार करें: अनिल वाजपेई

भोपाल । मध्य प्रदेश राज निगम मंडल अधिकारी कर्मचारी सहकारी महासंघ के प्रांत आदर्श अनिल बाजपेई ने बताया मुख्यमंत्री द्वारा जिस समाज का सम्मेलन होता है तत्काल वहीं पर उस समाज का एक बोर्ड गठन करने की घोषणा की जाती है । इस प्रकार लगभग 22 बोर्ड के गठन की घोषणा हो चुकी है एक बोर्ड पर लगभग ?2 लाख प्रतिमाह खर्चा होगा । एक 1 साल में लगभग 44 लाख रुपए का होगा। बोर्ड के अध्यक्ष ना कोई बैठने की व्यवस्था है ना कोई कार्यालय हैं न बोर्ड के अध्यक्षों की कोई घोषणा की गई। इसके पूर्व जितने भी बोर्ड बने उनकी स्थिति भी ठीक नहीं पूर्व में गठित निगम मंडल बोर्ड परिषद सहकारी संस्थाओं ना सातवां वेतन मिला है सेवानिवृत एक समान नहीं है। आयोगों के गठन की घोषणा के पोस्ट पर पुनर्विचार करें। श्री वाजपेई ने कहा कि किसी जातिवाद आयोग ने उन को यदि वास्तव में कल्याणकारी काम करना है पहले उनके कार्यालय आयोगों के उद्देश, आयोगों की नियुक्तियां कर्मचारी की व्यवस्था जब तक नहीं होती है। हम जितने भी निगम मंडल बोर्ड परिषद सहकारी संस्थाओं को सातवां वेतनमान का लाभ समय वेतनमान अनुकंपा नियुक्ति नियमितीकरण श्रमिकों का जो निजीकरण किया जा रहा है उसको बंद किया जाए।

91-7440389275
Yash Civil Contractor
Residential / Commercial
Quality Construction With
Material & Labour Rates
Contact Us :-
Bhopal. (M.P.)

स म्पा द की य

# भोपाल से निकला आम चुनाव का एजेंडा

प्रधानमंत्री मोदी ने संकेत दे दिया है कि अगले चुनाव में जाने से पहले बीजेपी की प्राथमिकता में यूनिफॉर्म सिविल कोड है और इस पर जल्दी ही फैसला होगा। यानि मुख्य मुद्दा होगा समान नागरिक संहिता। इसके साथ ही मोदी ने विपक्षी एकता का आधार भ्रष्टाचार को बताया और ऐलान किया कि हम भ्रष्टाचार ही खत्म कर रहे हैं। यहां भाजपा की लोकसभा चुनाव की तैयारियों का भी प्रदर्शन किया गया।

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के साथ ही मध्यप्रदेश सहित 5 राज्यों में 5 महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी का एजेंडा सेट कर दिया है। पीएम मोदी ने भोपाल से देश में बीजेपी के 10 लाख बूथ प्रभारियों को संबोधित करने के साथ-साथ संवाद भी किया। संवाद के दौरान देश के विभिन्न राज्यों के कार्यकर्ताओं ने सवाल किए। जिसके जवाब में उन्होंने यह संदेश दिया कि पार्टी चुनाव में गांव-गरीब और किसान पर फोकस करेगी। विपक्षी दलों के शासनकाल में हुए भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाया जाएगा। यह भी स्पष्ट कर दिया कि बीजेपी तुष्टिकरण का जवाब संतुष्टिकरण से देने की तैयारी से चुनावी मैदान में उतरेगी।

प्रधानमंत्री मोदी का तय कार्यक्रम एक घंटे का था, लेकिन कार्यकर्ताओं से संवाद के चलते करीब दो घंटे तक चला। इसमें से 20 मिनट तो प्रधानमंत्री मुसलमानों पर बोले। उन्होंने मुस्लिमों की पिछड़ी और उपेक्षित जातियों को साधने के लिए पसमांदा मुस्लिमों को पार्टी से जोड़ने का मंत्र भी दिया। प्रधानमंत्री ने जिन मुद्दों को उठाया, उसके मायने अपनी-अपनी तरह से निकाले जा रहे हैं। लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा समान नागरिक संहिता का ही माना जा रहा है।

बूथ कार्यकर्ताओं के बहाने प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर वोट के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा- कुछ लोग सिर्फ अपने दल के लिए जीते हैं। दल का ही भला करना चाहते हैं। वे ये सब इसलिए करते हैं क्योंकि उन्हें भ्रष्टाचार का, कमीशन का, मलाई खाने का, कट-मनी का हिस्सा मिलता है। उन्होंने जो रास्ता चुना है, उसमें ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती है। लेकिन बीजेपी ने तय किया है कि तुष्टिकरण व वोटबैंक के रास्ते पर नहीं जाएगी। हम संतुष्टिकरण के रास्ते पर चलेंगे। देश का भला करने का रास्ता संतुष्टिकरण है। तुष्टिकरण का रास्ता कुछ दिनों तक तो फायदा दे सकता है लेकिन ये देश के लिए महाविनाशक होता है। देश में भेदभाव पैदा करता है। समाज में दीवार खड़ी करता है। इस तरह के लोग तुष्टिकरण करके अपने स्वार्थ के लिए छोटे-छोटे कुनबे और जातियों को दूसरों के खिलाफ खड़े कर देते हैं।

प्रधानमंत्री ने एक तरफ पसमांदा मुसलमानों की चर्चा करते हुए तुष्टिकरण पर कांग्रेस की पिछली सरकारों को घेरा। दूसरी तरफ यूनिफॉर्म सिविल कोड यानि समान नागरिक संहिता के मुद्दे को छेड़ दिया। यह इसलिए भी अहम है क्योंकि बीजेपी ने पिछले लोकसभा चुनाव में इसे लागू करने का घोषणा पत्र में वादा किया था, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ।

उनका कहना था कि आजकल समान नागरिक संहिता के नाम पर भड़काने का काम हो रहा है। मोदी ने इसके महत्व को समझाते हुए कहा- एक घर में परिवार के एक सदस्य के लिए एक कानून हो, दूसरे सदस्य के लिए दूसरा कानून हो तो क्या वह घर चल पाएगा क्या? पीएम ने कहा कि फिर ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा। लोग हम (बीजेपी) पर आरोप लगाते हैं लेकिन सच ये है कि यही लोग मुसलमान-मुसलमान करते हैं, अगर ये उनके सही मायने में हितैषी होते तो अधिकांश मुस्लिम परिवार शिक्षा, रोजगार में पीछे नहीं रहते।

प्रधानमंत्री ने एक महिला कार्यकर्ता के सवाल का जवाब देते हुए विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले पटना में उनके (विपक्ष) द्वारा एक फोटो सेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जब आप फोटो देखेंगे तो आपको एहसास होगा कि फोटो में दिख रहा हर शख्स 20 लाख करोड़ के घोटाले की गारंटी है। अकेले कांग्रेस ने लाखों करोड़ रुपए के घोटाले किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोटाले अकेले ही लाखों-करोड़ों के हैं। एक लाख 86 हजार करोड़ का कोयला घोटला, 1.76 करोड़ का 2 जी घोटाला, 70 हजार करोड़ का कॉमनवेल्थ घोटाला, मनरेगा, हेलिकॉप्टर से सबमरीन तक कांग्रेस के घोटाले ही घोटाले हैं। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जो कांग्रेस के घोटाले का शिकार न हो।

आज मैं भी एक गारंटी देना चाहता हूं कि अगर उनकी घोटाले की गारंटी है, तो मोदी की भी एक गारंटी है और यह गारंटी है- हर घोटालेबाज पर कार्रवाई की गारंटी। हर चोर-लूटेरे पर कार्रवाई की गारंटी, जिसने गरीब को लूटा, देश को लूटा है उसका हिसाब तो हो कर ही रहेगा। जब जेल की सलाखें सामने दिख रही हैं तो इनकी ये जुगलबंदी हो रही है। यानि साफ है, मोदी ने आम चुनाव के लिए अपना एजेंडा लगभग फिक्स कर दिया है, अब विपक्षी एकता कितनी चलती है, यह भविष्य ही बताएगा।

# सुनी सुनाईः तीन आईपीएस पर शिकंजे की इंटरनल स्टोरी

**रवीन्द्र जैन**



मप्र सरकार ने लगभग दो वर्ष बाद आखिर वरिष्ठतम आईपीएस अधिकारी बी मधुकुमार, संजय माने और सुशोभन बैनर्जी के खिलाफ विभागीय जांच घोषित कर दी है। इन अफसरों पर शिकंजा क्यों कसा? पुलिस मुख्यालय में इसकी एक इंटरनल स्टोरी काफी चर्चा में है। हम इस स्टोरी की पुष्टी नहीं करते। कहानी के अनुसार इनमें से एक आईपीएस ने ईओडब्ल्यु में डीजी रहते देश के चुनाव आयुक्त के निकट रिश्तेदार के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार को लेकर समन जारी कर दिया था। सिंधिया की कृपा से मप्र में सरकार बदली तो चुनाव आयुक्त के रिश्तेदार को तो क्लीन चिट मिल गई, लेकिन ईओडब्ल्यु के तत्कालीन डीजी से बदला लेने चुनाव आयोग ने आयकर विभाग के छापे की एप्रेजल रिपोर्ट के आधार पर तीनों आईपीएस अफसरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को पत्र लिख दिया।

**अपनों के निशाने पर 7 मंत्री**

मप्र में अभी तक 7 मंत्री ऐसे हैं जो अपनी पार्टी के नेताओं के निशाने पर हैं। यह संख्या तेजी से बढ़ रही है। सागर में तीन मंत्रियों के बीच हुए मनमुटाव से हुई यह शुरुआत अब गंभीर रूप लेती जा रही है। सागर में मंत्री भूपेन्द्र सिंह और गोविन्द राजपूत समर्थकों के बीच विवाद के चलते भूपेन्द्र सिंह के खिलाफ लोकायुक्त में प्रकरण दर्ज हो चुका है।उज्जैन में मोहन यादव, शिवपुरी में महेन्द्र सिसौदिया और धार में राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव के खिलाफ भाजपा में बगावत जैसे हालात हैं अब खबर आ रही है यही हाल बिसाहूलाल सिंह, हरदीप सिंह डंग के खिलाफ भी बन गये हैं। यानि मप्र के अगले चुनाव भाजपा को पहले भाजपा से लड़ना होगा। भाजपा विधायक और नेता ही अपनी सरकार के मंत्रियों की अवैध सम्पत्ति और कथित भ्रष्टाचार की फाइलें तैयार करने में लगे हुए हैं। कुछ फाइलें लोकायुक्त पहुंच गई हैं। कुछ पहुंचाने की तैयारी है।

**काबिल महिला अफसर का उपयोग नहीं कर पाई सरकार**

प्रशासनिक व्यवस्था में यूं तो अफसरों को अलग-अलग जिम्मेदारी मिलती है। आईएएस अफसरों की बात करें तो सरकार में प्रमोटी और सीधी भर्ती के अफसरों के साथ हमेशा से भेदभाव होता रहा है। यह बात अलग है कि प्रमोटी अफसर कई मायनों में ज्यादा काबिल होते हैं। प्रमोटी आईएएस का सपना होता है कि वह एक बार कलेक्टर बने। यदि बिना कलेक्ट्री के रिटायर हो जाता है तो उसे जिंदगी भर तक इसका मलाल रहता है। आमतौर पर सरकार सबको मौका देती हैं, लेकिन फिर भी कुछ अफसरों के साथ भेदभाव होता है। ऐसी एक महिला अधिकारी हैं 2008 बैच की उर्मिला शुक्ला। जो भोपाल में एसडीएम से लेकर सरकार में कई पदों पर रही हैं। पर उन्हें कलेक्ट्री का मौका नहीं मिला, जबकि उनके सभी बैचमेट्स तीन से चार जिलों में कलेक्ट्री कर चुके हैं। बाल्मी संचालक रहते उन्होंने दशकों से घाटे में चल रही संस्था को करोड़ों के फायदे में लाकर खड़ा कर दिया। राजधानी के सबसे बड़े ग्रीनरी पॉइंट बाल्मी को माफिया से बचाने के लिए वे मजबूती के साथ डटी रहीं। बाल्मी से हटाकर आर्कियोलॉजी डिपार्टमेंट में भिजवाने के पीछे भी माफिया का हाथ बताया जा रहा है।

**अफसर की अय्याशी**

हम अपने कॉलम में इस तरह की खबरें बहुत कम छापते हैं। लेकिन एक अधिकारी ने सभी सीमाएं लांघी तो हम छापने विवश हो रहे हैं। मप्र में भ्रष्टाचार की जांच करने वाली एक एजेंसी के कप्तान ने एक भ्रष्ट व्यक्ति को क्लीनचिट देने के बदले दिल्ली के पांच सितारा होटल में अपनी अय्याशी का इंतजाम कराया। अय्याशी के बाद अफसर को पता चला कि जिस मोबाइल से अफसर के लिए दिल्ली में कमरा बुक हुआ था, उसी मोबाइल से कॉल गर्ल्स को भुगतान भी किया गया है। कॉल गर्ल्स का कमरा भी इसी मोबाइल से बुक हुआ और कमरे का भुगतान भी इसी मोबाइल से किया गया। अफसर के कमरे में कॉल गर्ल्स के जाने आने के सीसीटीवी फुटेज भी मिल गये हैं। भोपाल पहुंची खबरों पर भरोसा किया जाए तो क्लीन चिट लेने वाले के पास अफसर के खिलाफ इतने प्रमाण पहुंच गये हैं कि वह अफसर को क्लीन बोल्ड कर सकता है।

**आईएएस का दलाल फिर होगा गिरफ्तार**

यह खबर साऊथ से आ रही है। मप्र में हजारों करोड़ के ठेके लेने वाली साऊथ के एक बड़े ग्ररुप के लिए भोपाल में दलाली करने वाले युवक को फिर से गिरफ्तार किया जा सकता है। इस युवक पर आरोप है कि यह मप्र के कई आईएएस अफसरों को रिश्वत बांटता था। मप्र के ही बड़े घोटाले में हैदराबाद की ईडी टीम पहले भी इसे गिरफ्तार कर चुकी है। यह जमानत पर छूटकर भोपाल रह रहा है। अब एक जांच एजेंसी फिर से उसे गिरफ्तार करने की तैयारी कर रही है। मुखबिर का कहना है कि इस युवक के जरिये जांच एजेंसी मप्र के कुछ रिटायर आईएएस अफसरों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार इस युवक ने अपनी एक कंस्ट्रक्शन फर्म बना ली थी। इसी फर्म के जरिए फर्जी तरीके से सैकड़ों करोड़ का लेनदेन हुआ है। मप्र के एक ही बैच के दो वरिष्ठ आईएएस अफसरों ने इस युवक के जरिए जमकर माल कूटा है।

**भाजपा में सिंधिया कहां खड़े हैं?**

सबको पता है कि कांग्रेस में ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम राहुल गांधी के बाद सबसे टॉप पर लिया जाता था। भाजपा में आने के तीन वर्ष बाद पूछा जा रहा है आज भाजपा में सिंधिया कहां खड़े हैं? कांग्रेस में अपनी ताकत का उपयोग कर ग्वालियर चंबल संभाग की 34 में से लगभग 28 विधानसभा टिकट अपने समर्थकों को दिलाने वाले सिंधिया क्या भाजपा में आए समर्थकों को आधी भी टिकट दिला पाएंगे? कांग्रेस में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे नम्बर पर पहुंचे सिंधिया मप्र की भाजपा राजनीति में ही छठे सातवें नम्बर पर



धकेल दिए गये हैं। खास बात यह है कि जैसे जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं भाजपा के मूल नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सिंधिया खेमे पर हमले तेज कर दिए हैं। कोई सिंधिया को नामर्द बता है तो कोई उनके मंत्रियों को भ्रष्ट व चोर बता रहा है। अनुशासित भाजपा में सिंधिया पर यह हमले सुनियोजित माने जा रहे हैं। ताकि यदि मप्र में इस बार चुनाव हारे तो ठीकरा सिंधिया के सिर फोड़ा जा सके।

**और अंत में...**


मप्र के राजनीतिक गलियारों में सबसे अधिक पूछा जाने वाला सवाल यह है कि प्रदेश के लोकायुक्त जस्टिस एनके गुप्ता इस वर्ष अक्टूबर में रिटायर होंगे या शिवराज सरकार उन्हें एक्सटेंशन देगी। दरअसल लोकायुक्त जस्टिस गुप्ता के एक्सटेंशन को लेकर भाजपा संगठन भी एक राय नहीं है। लोकायुक्त ने जिस तरह मप्र के वरिष्ठ मंत्री भूपेन्द्र सिंह के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति का मामला दर्ज कर जांच शुरु की है उससे भाजपा संगठन के पदाधिकारी नाराज बताये जा रहे हैं। इधर एक खबर यह भी आ रही है कि लोकायुक्त की टेबल पर मप्र के अन्य मंत्रियों के खिलाफ भी सबूतों के साथ शिकायतें पहुंच चुकी हैं। लोकायुक्त को इन शिकायतों की जांच को लेकर फैसला करना है। भूपेन्द्र सिंह की जांच के लिए भी लोकायुक्त ने पहली बार समय सीमा तय की है। लोकायुक्त संगठन की विशेष पुलिस स्थापना को 8 अगस्त तक भूपेन्द्र सिंह के खिलाफ जांच रिपोर्ट देनी है। यानि लोकायुक्त रिटायर होने से पहले इस संबंध में कोई बड़ा फैसला कर सकते हैं।

# हर मजहब का मान रहे, और पहला मजहब संविधान रहे

**राकेश दुबे**

और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एक समान नागरिक संहिता की भोपाल में वकालत कर गये। यही सब बात ही संपूर्ण संप्रभुता-संपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक, गणराज्य भारत के संविधान के अंतर्गत भाग-4 में 'समान नागरिक संहिता' अनुच्छेद-44 के माध्यम से राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों में वर्णित है। इसमें कहा गया है कि 'राज्य, भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा।' यहां यह ध्यान देना दिलचस्प है कि इसी संविधान के अनुच्छेद-37 में यह परिभाषित है कि राज्य के नीति निर्देशक तत्व सम्बन्धी प्रावधानों को किसी भी न्यायालय द्वारा प्रवर्तित नहीं किया जा सकता है, लेकिन इसमें निहित सिद्धांत शासन व्यवस्था में मौलिक प्रकृति के होंगे। 'समान नागरिक संहिता' से देश के प्रत्येक नागरिक के लिए एक समान कानून होता है, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति या समुदाय से क्यों न हो। वर्तमान में मुसलमानों, ईसाइयों और पारसियों के लिए अपने अलग-अलग व्यक्तिगत नियम हैं जबकि हिंदू दीवानी कानून के तहत हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध आते हैं।

जबकि भारत में प्रचलित सामयिक व्यवस्था के विपरीत, 'समान नागरिक संहिता' इस विचार पर आधारित है कि सभ्य समाज में धर्म और व्यक्तिगत कानून के बीच कोई संबंध नहीं होता है तथा इसमें विवाह, तलाक, रखरखाव/भरण-पोषण, बच्चों को गोद लेने, संरक्षकता-विरासत, और संपत्ति के बंटवारे/उत्तराधिकार जैसे सभी विषयों को धर्मों-जातियों-समुदायों के लिए समान रूप से लागू किया जाता है। भारत में समान नागरिक संहिता वाले 'गोवा' राज्य के अलावा वर्तमान में अधिकांश भारतीय कानून जैसे भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872; साक्ष्य अधिनियम, 1872; संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम, 1882; नागरिक प्रक्रिया संहिता, 1908; माल-विक्रय अधिनियम, 1930; भागीदारी अधिनियम, 1932; दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 आदि पुरे भारतवर्ष में सम्पूर्ण एकरूपता से लागू किये जाते हैं।




नागरिक कानूनों में भी समरूपता लाने के लिए अलग-अलग समय पर न्यायपालिका ने अक्सर अपने निर्णयों में पुरजोर आवाज उठाई है कि सरकार को समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। इस संदर्भ में 'शाह बानो' मामले में दिया गया 1985 का निर्णय सर्वविदित है, तथा 1995 का 'सरला मुद्गल' वाद व 2017 का 'शायरा बानो' मामले भी इस संबंध में काफी चर्चित हैं।

अब प्रश्न उठता है कि जिस देश में सदियों से 'अनेकता में एकता' के नारे लगते आ रहे हों तो फिर व्यक्तिगत कानूनों में एकरूपता से आपत्ति क्यों?धर्मनिरपेक्ष-गणराज्य में धार्मिक प्रथाओं के आधार पर विभेदित नियम क्यों? एक संविधान वाले इस देश में लोगों के निजी मामलों में भी एक कानून क्यों नहीं है? क्या धार्मिक प्रथाओं का संवैधानिक संरक्षण मौलिक अधिकारों के अनुरूप नहीं होना चाहिए? एकरूपता से देश में राष्ट्रवादी भावना को बल देने में आपत्ति क्यों? व्यक्तिगत कानूनों में मौजूद लैंगिक पक्षपात का पक्षधर कौन। क्या भारतवर्ष में 'एक पत्नी - एक विधान' का नारा, सपना ही बनकर रह जायेगा?

एक तरफ जहां अल्पसंख्यक समुदाय नागरिक संहिता को संविधान के अनुच्छेद-25 का हनन मानते हैं, वहीं दूसरी तरफ बहुसंख्यक समान नागरिक संहिता की कमी को अनुच्छेद-14 का अपमान मानते हैं। ध्यानाकर्षण बात यह है कि अनुच्छेद-25 किसी भी धर्म को मानने और प्रचार की स्वतंत्रता को संरक्षित करता है, वहीं अनुच्छेद-14 निहित समानता की अवधारणा को संरक्षित करता है। समय की नज़ाकत है कि समान नागरिक संहिता की नाजुकता केवल सांप्रदायिकता की राजनीति के संदर्भ में नहीं की जानी चाहिए। सभी व्यक्तिगत कानूनों में से प्रत्येक में पूर्वाग्रह और रूढ़िवादी पहलुओं को रेखांकित कर मौलिक अधिकारों के आधार पर उनका परीक्षण किया जाना चाहिए। धार्मिक रूढ़िवादी दृष्टिकोण के बजाय समान नागरिक संहिता को चरणबद्ध तरीके से लोकहित के रूप में स्थापित किया जाना अपेक्षित भी है और आवश्यक भी।

भारत जैसे विविधतापूर्ण विकासशील देश में जहां विभिन्न धर्मों के लोग रहते हैं, सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए और धर्मनिरपेक्ष-गणराज्य भारत की अपरिहार्यता है कि धार्मिक स्थलों/आयोजनों के सरकारी प्रायोजन/विनियमन को संविधान में वर्जित किया जाना चाहिए। न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी के कुशल नेतृत्व में बाइसवें भारतीय विधि आयोग द्वारा सार्वजनिक सूचना के माध्यम से बड़े पैमाने पर जनता और मान्यताप्राप्त धार्मिक संगठनों से विचारों को आमंत्रित करने की पहल उल्लेखनीय होने के साथ-साथ प्रशंसनीय भी है। समान नागरिक संहिता से देश में विभिन्न धर्मों के लोगों में धार्मिक मतभेदों को कम करने में मदद मिलेगी, कमजोर वर्गों को सुरक्षा मिलेगी, कानून सरल होंगे और धर्मनिरपेक्षता के आदर्श का पालन करते हुए लैंगिक न्याय सुनिश्चित होगा, परन्तु सरकार को लोगों, विशेषकर अल्पसंख्यकों की आशंकाओं को दूर करना होगा और उन्हें आश्वस्त करना होगा कि उनके अधिकारों का उल्लंघन नहीं किया जाएगा।

भारत जैसे विविधतापूर्ण, विकासशील, विशालकाय देश में समान नागरिक संहिता का कार्यान्वयन 'समय की मांग' ही नहीं अपितु 'संविधान का मान' भी है, और जो अनुच्छेद इतने वर्षों से एक मृत-पत्र बना हुआ है उसे लागू करने का अब उचित अवसर आ गया है। 'समान नागरिक संहिता' से देश के प्रत्येक नागरिक के लिए एक समान कानून होता है, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति या समुदाय से क्यों न हो। वर्तमान में मुसलमानों, ईसाइयों और पारसियों के लिए अपने अलग-अलग व्यक्तिगत नियम हैं जबकि हिंदू दीवानी कानून के तहत हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध आते हैं।

नि:संदेह, यह सरकार और प्रत्येक हितधारक के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा, परन्तु महत्वपूर्ण बात यह है कि लोगों को इसमें योगदान देना चाहिए और इसके बारे में अपने बहुमूल्य सुझाव प्रदान कर राष्ट्व्यापी यज्ञ में अपनी पुण्य आहुति प्रदान करनी चाहिए ताकि संविधान सर्वोपरि सिद्ध हो सके।

# यही तो विजय मंत्र है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भोपाल आगमन और मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से देश के दस लाख बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधन भारतीय जनता पार्टी के लिए एक यादगार आयोजन था। पांच राज्यों में चुनाव है, जिसका विधिवत आगाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका और मिस्र की विजय भरी यात्रा से वापसी के बाद मध्यप्रदेश की धरती से देश के दस लाख बूथ कार्यकर्ताओं संग संवाद कर किया। उन्होंने मध्यप्रदेश की खुलकर सराहना भी की। यह कोई संयोग नहीं था, यह सोची समझी रणनीति के तहत और मध्यप्रदेश की भाजपा की मजबूत स्थिति में महत्वपूर्ण सहभागिता ही हैज जिससे भाजपा कभी उऋण नहीं हो सकती। यह साफ संकेत था कि मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। मंच पर चार कुर्सी पर चार महत्वपूर्ण शख्सियत मौजूद थीं। इनमें खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा। विष्णु दत्त शर्मा से शुरू हुआ भाषण का सिलसिला, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और जगत प्रकाश नड्डा से होते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बूथ कार्यकर्ताओं संग संवाद पर खत्म हो गया। सवालों में भी वह सारे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल थे, जो लोकसभा चुनाव 2024 के संग विधानसभा चुनावों को समेटे हुए थे। सवालों के बहाने तीन तलाक की चर्चा भी खुलकर हो गई और दुनिया के मुस्लिम देशों के उदाहरण संग यह साबित भी हो गया कि कहीं भी तीन तलाक स्वीकार नहीं है। यह भारत में कांग्रेस के तुष्टीकरण के एजेंडा संग मुस्लिमों द्वारा पर्सनल लॉ के दुरुपयोग का प्रमाण ही था, जिसे केंद्र की भाजपा सरकार और मोदी ने खत्म कर दिया। तुष्टीकरण बनाम संतुष्टीकरण आखिर भाजपा का विजय मंत्र ही तो है। और इसके साथ ही यह भी साफ हो गया कि सुप्रीम कोर्ट की मंशा के अनुरूप भारत अब समान नागरिक संहिता यानि कॉमन सिविल कोड लागू करने की तैयारी कर चुका है। और जो दल वहां पटना में इस मंशा से गले लगकर ठहाके लगा रहे हैं कि 2024 में तो हम दिल्ली को फतह कर लेंगे, उनके लिए अकेले कॉमन सिविल कोड ही काफी है। आगामी पांच साल के लिए अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए उन्हें अपने ठिकानों को तलाशने में कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए। कॉमन सिविल कोड तो है ही और जो मोदी ने मंच से नहीं कहा, वह राम मंदिर का निर्माण तो विपक्षी मंसूबों पर पहले से ही पानी फेर रहा है। और फिर सबसे पहले राष्ट्र की बात का अहसास भी करा ही दिया, आखिर वही बात मोदी जो फील कराना चाहते हैं। कि दल से पहले देश है। देश के लिए ही कमल खिला है और देश के करोड़ों मतदाताओं की मंशा पर खिला भी रहेगा, भरोसा मोदी ने यही जताया। विजय के जो मंत्र दस लाख बूथ कार्यकर्ताओं को दिए वह यही तो थे कि भाजपा के लिए सबसे महत्वपूर्ण खुद कार्यकर्ता है जो कड़ी धूप, तेज बारिश और कड़ाकेदार ठंड में भी कड़ी मेहनत से कभी मुंह नहीं मोड़ता है। भाजपा कार्यकर्ताओं का एक ही लक्ष्य है कि कमल खिला रहे। बूथ कार्यकर्ताओं की भूमिका समाज की सेवा कर सबसे बड़ा समाजसेवक बनने की है, जो बूथवासी की हर समस्या का समाधान बनकर यह साबित कर सके कि भाजपा और कमल ही देश और समाज की सबसे बड़ी हितैषी है। और मध्यप्रदेश की धरती से देश के और मध्यप्रदेश के मतदाताओं को यही संदेश था कि मध्यप्रदेश में भी भाजपा की सरकार चुनो और देश में भी भाजपा की सरकार को बनाए रखो। बूथ कार्यकर्ताओं को यह जिम्मेदारी देना मोदी की दूरदर्शिता और राजनैतिक परिपक्वता ही है कि हर गांव को विकसित बनाना है।



अब बात करें मध्यप्रदेश की। तो अपनी तरह के अनूठे कार्यक्रम मेरा बूथ, सबसे मजबूत के लिए मध्यप्रदेश ही क्यों चुना? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी ईमानदारी से स्वीकार किया कि मध्यप्रदेश की धरती की भाजपा को दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बनाने में बहुत बड़ी भूमिका है। इस कार्यक्रम का हिस्सा बनते हुए मुझे हृदय से आनंद आ रहा है, गौरव हो रहा है। जो उन्होंने नहीं कहा वह यह है कि भाजपा को इस मुकाम तक लाने में संगठनात्मक कौशल क्षमता देने में मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं का ही बड़ा योगदान है। कुशाभाऊ ठाकरे जिन्होंने मध्यप्रदेश और देश में भाजपा संगठन को संजीवनी दी है। तो भाजपा को देश में सत्ता के शिखर तक पहुंचाने में मध्यप्रदेश का ही लाल अटल बिहारी वाजपेयी था, जिन्होंने केंद्र में गठबंधन की ही सही भाजपा नेतृत्व की सरकार बनाकर भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं में वह जोश और जुनून पैदा किया कि आज नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, शिवराज और वीडी शर्मा? जैसे हजारों वह चेहरे दिख रहे हैं जो अपने दल का नेतृत्व कर विपक्षी दलों को चुनौती देने में सक्षम हैं। बात वंदे भारत ट्रेन की करें तो मोदी ने कहा कि मैं मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र की जनता को इस आधुनिक वंदे भारत ट्रेन की कनेक्टिविटी के लिए बधाई देता हूँ। इसमें मैं एमपी को विशेष बधाई दूंगा क्योंकि एकसाथ दो ट्रेन मेरे भाई-बहनों को मिली है। यह दो ट्रेन रानी कमलापति से जबलपुर और भोपाल से इंदौर इसलिए महत्वपूर्ण हैं कि चुनावी साल में मोदी ने मध्यप्रदेश में महाकौशल और मालवा को राजधानी भोपाल से जोड़ दिया है। तो इससे पहले ही वह रानी कमलापति से देश की राजधानी दिल्ली तक देकर प्रदेश की राजधानी को मध्य भारत ग्वालियर-चंबल संभाग से जोड़ा था। तब भी मोदी भोपाल आए थे। अब बात करें फिर विजयी मंत्र की, तो मंच पर मोदी-शिवराज केमिस्ट्री बेहतर दिखी, तो नड्डा-वीडी शर्मा केमिस्ट्री भी परफेक्ट थी। यह दोनों सफल केमिस्ट्री मध्यप्रदेश के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को यह संदेश देने में सक्षम थीं कि मध्यप्रदेश का यह चुनाव तो शिवराज-वीडी शर्मा केमिस्ट्री से ही संपन्न होगा। इस आयोजन में दूसरा विजयी मंत्र था कि मंच के सामने केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर और ज्योतिरादित्य सिंधिया एक ही सोफे पर साथ-साथ बैठे थे। संदेश यही था कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अलग-अलग मत होने पर भी पारस्परिक सामंजस्य स्थापित कर पार्टी की सत्ता में वापसी की राह पर साथ-साथ चलना पड़ेगा। मुरलीधर राव और कैलाश विजयवर्गीय हों, नरोत्तम मिश्रा और जयभान पवैया हों या भूपेंद्र सिंह-राजेन्द्र शुक्ला हों, मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भूमिकाओं का निर्वहन पूरी ईमानदारी से होगा, तभी संगठन की मेहनत डिजिटल बूथ मजबूत बनकर सत्ता में वापसी के सारथी बन पाएंगे। बूथ कार्यकर्ताओं में उत्साह भरना विजयी मंत्र ही तो है। मोदी ने कहा कि साथियों, आप सभी अपने बूथ में वर्षभर बहुत व्यस्त रहते हैं। केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर देशभर में जो कार्यक्रम हो रहे हैं, उसमें आप जो मेहनत करते हैं, उसकी जानकारी लगातार मुझ तक पहुँच रही है। मैं जब अमेरिका और मिस्र में था, तब भी आपके प्रयासों की जानकारी मुझे मिलती थी, इसलिए वहाँ से आने के बाद सबसे पहले आपसे मिलना ज्यादा सुखद और आनंददायक है। भाजपा की सबसे बड़ी ताकत आप सभी कार्यकर्ता हैं। मैं नड्डा जी का, भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय नेतृत्व, राज्यों के नेतृत्व, मध्यप्रदेश भाजपा नेतृत्व का हृदय से अभिनंदन करता हूँ इस कार्यक्रम की रचना के लिए। आज मैं करीब 10 लाख बूथ कार्यकर्ताओं को वर्चुअली संबोधित कर रहा हूँ। शायद किसी भी राजनीतिक दल के इतिहास में ग्रासरूट लेवल पर ऑर्गनाइज्ड वे में इतना बड़ा कार्यक्रम कभी नहीं हुआ होगा। सिर्फ और सिर्फ बूथ का नेतृत्व करने वालों का सम्मेलन इतिहास में पहली बार हो रहा होगा। आप सिर्फ बीजेपी ही नहीं, आप सिर्फ दल ही नहीं, देश के संकल्पों की सिद्धि के भी मजबूत सिपाही हैं। भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए दल से बड़ा देश है। जहाँ दल से बड़ा देश हो, ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं से बात करने का मेरे लिए भी मंगल अवसर है।

इतना सुनकर तो बूथ कार्यकर्ता ऊर्जा से भरकर मोदी-मोदी चिल्लाने लगे। कार्यकर्ताओं का यही उत्साह विजय की राह पर ले जाएगा। तो वापसी में मोदी बिना किसी पूर्व कार्यक्रम के ज्योतिरादित्य सिंधिया को अपने साथ बिठाकर दिल्ली ले गए। यह भी संदेश था कि यहां किसी की उपेक्षा और किसी के आगे बढ़ाने जैसा कुछ नहीं है। पार्टी की नजर सब पर है। जैसा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के मन में मोदी और मोदी के मन में मध्यप्रदेश हैज उसकी तर्ज पर ही मोदी ने 27 जून को भी मध्यप्रदेश में देश के दस लाख बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद में दिल खोलकर समय दिया और अब फिर एक जुलाई को मध्यप्रदेश आना ही है सो विंध्य से मध्यप्रदेश को साधेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

## बजरंग दल के जिला संयोजक पर मामला दर्ज

एंकर / सीहोर बजरंग दल के जिला संयोजक नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के चचेरे भाई विवेक राठौर का वीडियो वायरल होने के बाद थाना कोतवाली पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है..। बजरंग दल के जिला संयोजक विवेक राठोर का बयान वायरल होने के बाद मुस्लिम समाज के लोग आज रात्रि थाना कोतवाली पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई...जिसके बाद बजरंग दल के जिला संयोजक पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है.आपको बतादे बजरंग दल के जिला संयोजक ने दो दिन पर्व एक यात्रा के दौरान जिले की मस्जिदों में बजरंग दल के कार्यालय खोलने की विवादास्पद बात कही, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ, जिसके बाद बजरंग दल के जिला संयोजक विवेक राठोर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समाज के लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए शहर में जगह-जगह प्रदर्शन किए

## नाबालिक से बलात्कार करने वाले को मिली 10 साल की सजा

शहडोल 7 नाबालिक के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट) संदीप कुमार सोनी द्वारा 10 साल की सजा सुनाई है प्रकरण के संदर्भ मे संभागीय जनसम्पर्क नवीन वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की आरोपी राजेश बैगा पिता लम्बू बैगा उम्र 20 वर्ष निवासी बरूका बडे टोला, सोहागपुर जिला शहडोल द्वारा द्वारा पीडिता के साथ दिनांक 03.10.2020 को रात करीब 09:00 बजे जब वह लोटा लेकर निस्तार करने के लिये गयी थी तभी घर के बाहर टटिया के पास से गांव मे जबरदस्ती मुंह दबा कर उसे अंधेरे तरफ खींच ले गया व जमीन में पटक कर, मुह दबा कर उसके साथ जबरदस्ती गलतकाम (बलात्कार) किया था,जिसके कारण उसके पेट में अत्यधिक दर्द हो रहा था और वह डर के कारण किसी को नहीं बता पा रही थी, थोड़ी हिम्मत होने पर करीब आधा घण्टा बाद वापस घर आकर सो गयी और सुबह उठाने पर नही उठ रही थी 7 रिपोर्ट पर सोहागपुर पुलिस द्वारा अपराध क्र0 463/20, प्रकरण क्र0 191/20 में पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसपर न्यायाधीश सोनी द्वारा सशक्त तर्कों से सहमत होकर एवं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विचारण उपरांत आरोपी को उपरोक्तानुसार धारा 3 सहपठित धारा 4 (1) पॉक्सो एक्ट में 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 2000/- रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

## करंट लगने से पकरिया मे मवेशी की मौत पीएम के दौरे के पहले हुआ हादसा

शहडोल 7 जिले मे आज होने वाला पीएम का कार्यक्रम लगातार हो रही भारी बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया परन्तु जिस रास्ते से होकर पीएम को पकरिया मे लखपति दीदीयो और बैगा परिवार के साथ भोजन व संवाद करना था उसी रास्ते पर आज करंट की चपेट मे आने से एक मवेशी की मौत हो गयी है जिसके चलते पीएम की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो चुके है जानकारी अनुसार पकरिया के सरकारी टोला मुख्य मार्ग पर स्थित एक बिजली के पोल मे लम्बे समय से करंट आने ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियो को दी थी परन्तु उनके द्वारा इसपर ध्यान नहीं दिया गया जिसके चलते आज सुबह एक मवेशी इसकी चपेट मे आ गयी ये अलग है की प्रशाशनिक और जिम्मेदार विभाग पीएम के आगमन को लेकर अपनी तैयारी को परफेक्ट बताने का दवा कर रहे है आपको बता दे लालपुर और पकरिया मे होने जा रहे इस कार्यक्रम मे लाखो लाख की भीड़ और जनसामुदाय,सुरक्षा अधिकारी से लेकर हर एक व्यक्ति इस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा होता ऐसे मे यदि सडक किनारे लगे इस पोल की चपेट मे यदि मवेशी की जगह कोई और होता तो इसका तो इसका जवाबदार कौन होता यह एक चिंतन का विषय है।

## श्री जोशी सांकलिया शिवहरे रोगी कल्याण समिति में मनोनीत



शाजापुर/ शाजापुर जिले के प्रभारी मंत्री बृजेन्द्र सिंह यादव की अनुशंसा पर पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता विजय जोशी आजाद चौक में भाजपा का झंडा बुलंद करने वाले प्रदीप सांकलिया वहीं युवा व्यवसाई भाजपा के सक्रिय युवा नेता संजय शिवहरे भाजपा के तीनों सक्रिय नेताओं को भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं इष्ट मित्रों ने बधाई देकर हर्ष जताया इस अवसर पर नवनियुक्त रोगी कल्याण समिति के सदस्यों ने कहा शाजापुर जिला अस्पताल जो व्यवस्था वर्तमान में है उसे और भी बेहतर बनाने का प्रयास सभी के सहयोग से किया जाएगा,,,

## व्यापारी गेंहू स्टॉक की जानकारी पोर्टल में तत्काल भरें

छतरपुर,। भारत सरकार द्वारा गेंहू के व्यापार मे स्टॉक सीमा लागू की जाकर विशिष्ट खाद्य पदार्थों पर लायसेंसी अपेक्षायें, स्टॉक सीमायें और संचलन प्रतिबंध हटाना (संशोधन) आदेश 2023 लागू किया गया है। शासन द्वारा गेंहू के व्यापारी एवं थोक विक्रेता हेतु 3000 टन, रिटेलर (प्रत्येक आउटलेट) के लिये 10 टन और बिग चेन रिटेलर (प्रत्येक आउटलेट) के लिये 10 टन और उनके सभी डिपुओं पर 3000 टन तथा प्रोसेसर्स को वार्षिक संस्थापित क्षमता का 75 प्रतिशत् या मासिक स्थापित क्षमता के बराबर मात्रा को 2023-24 के शेष महिनों से गुणा करके जो भी कम हो, की स्टॉक सीमा 31 मार्च 2024 तक की अवधि के लिये निर्धारित की गई हैं।

## नरसिंहपुर एवं करेली शहर हुआ पानी पानी विधायक पटेल बचाव कार्य में जुटे



नरसिंहपुर। भारी बारिश से नरसिंहपुर जिला कई जिलों से सड़क मार्ग से कट गया है रेलवे ट्रैक भी क्रेक होने से नरसिंहपुर एवं करेली के बीच ट्रेनों की आवाजाही विवादित हुई है कई ट्रेनों को रोकना पड़ा है नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल जिले में भारी बारिश से जल भराव के क्षेत्र पर नजर रखे हुए हैं वह लगातार जिला कलेक्टर एसडीएम तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर रहे साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं अपने कार्यकर्ताओं को भी खासतौर से नरसिंहपुर एवं करेली शहर के पानी भरने वाले क्षेत्रों में बचाव कार्य के लिए भेज दिया

गोटेगांव एवं नरसिंहपुर के पुराने नरसिंहपुर जबलपुर स्टेट हाईवे के बीच जो नदी है उसके ऊपर से 5 फीट पानी बह रहा है जिससे गोटेगांव एवं नरसिंहपुर शहर भी सड़क मार्ग से कट गया है विधायक श्री पटेल ने बताया कि नरसिंहपुर शहर एवं करेली शहर के कई निचले बालों में पानी भर गया है इसके अलावा नरसिंहपुर विधानसभा के जिंन गांव के आसपास से नदी एवं नाले गुजरते हैं उन गांव में भी पानी भर गया है और वह शहर से कट गए उन्होंने बताया कि मैं जल भरने वाले गांव के लोगों से भी दूरभाष पर संपर्क बनाए हुए हूं।

### विस की बैठक में नहीं आए भोपाल

विधायक जालम सिंह पटेल ने बताया कि आज मेरी विधानसभा समिति की भोपाल में बैठक थी लेकिन भारी बारिश के चलते मैंने क्षेत्र में क्षेत्र की जनता के बीच रहना अनिवार्य समझा हालांकि अन्य राज्य की एक समिति भी आज विधानसभा के दौरे पर आई है

## जिले में भारी बारिश के चलते सिवनी-मंडला जिले का संपर्क टूटा

सिवनी- सिवनी सहित पड़ोसी जिलों में हो रही लगातार बारिश के चलते सभी छोटे बड़े नदी नालों का जल स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है जिसके चलते कुछ निचले इलाकों में पानी भर गया है जहां से स्थानीय निवासियों को सुरक्षित जगहों पर रखा गया है। वहीं सिवनी और मंडला जिले में लगातार बारिश के चलते नैनपुर स्थित थांवर नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया जिसके चलते छिंदवाड़ा-सिवनी से मंडला जिले का संपर्क टूट गया।

जिले की जनता का कहना है कि इसे हम हमारे क्षेत्र के जिले के जनप्रतिनिधियों की कमजोरी कहें या कार्य करने वाले ठेकेदारों की मनमानी और लापरवाही कहें.... ! सरकार या उनके नुमाइंदे अपने कार्यों को लेकर कितनी ही पीठ थपथपा लें पर हकीकत कुछ और बयां कर जाती है। आज के इस मशीनरी युग में दो से चार साल बीतने को है पर सिवनी - मंडला मार्ग के ( सरेखा रोड के समीप सागर नदी का पुल, केवलारी में बैनगंगा पुल, बोथिया का पुल, गंगाटोला और खैररांजी के बीच बनने वाला पुल, नैनपुर में थांवर नदी पर बनने वाला पुल ) महज चार से पांच छोटे बड़े पुलों का निमार्ण आज दिनांक तक नहीं पाया। इनमें से एक सरेखा रोड वाले सागर नदी का ही पुल लगभग बन पाया है। क्षेत्रीय नेताओं के कमजोर नेतृत्व और सरकार की ढुलमुल व्यवस्थाओं का दंश इस बरसात में सीधे जिलों की जनता को भोगना पड़ेगा। जिले के कद्दावर नेता जो केंद्र सरकार में मंत्री हैं वहीं प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री के बेहद करीबी क्षेत्रीय विधायक हैं फिर भी इस मार्ग के पुल निर्माण में ऐसे हीला हवाली समझ से परे है। निर्माण एजेंसियों द्वारा बरसात पूर्व इन आधे अधूरे पुलों के रखरखाव के लिए ना कोई इंतजाम हैं ना ही यहां पास से गुजरने वाले छोटे बड़े यात्री वाहनों के आवागमन को लेकर कोई सुविधा मुहैया कराई गई है। ज्ञात हो कि बीते साल भी इस तरह भारी बारिश के चलते केवलारी स्थित बैनगंगा नदी के पुल निर्माण की सामग्री पूरी तरह डूब और बह गई थी वहीं नैनपुर में थांवर नदी के पुल की रोड भी बह गई थी और आवागमन हफ्तों तक बाधित रहा था। इस तरह ऐसे अनेकों लापरवाहियों का दंश इस मार्ग से सफर करने वाले यात्रियों को लगातार होती रही हैं फिर भी ना तो इसका असर जिले के मंत्रियों, नेताओं और ना ही प्रशासन को हुआ इसी का नतीजा है कि पुलों के निमार्ण में लगी एजेंसियों ने ढुलमुल तरीके अपने कार्य को जारी रखा और आज तक पुलों का निर्माण नहीं हो सका जिसके चलते एक बार फिर इस बरसात में जनता को अपनी यात्रा अन्य स्थानों से घूमकर करनी होगी।

### शकुंतला चौहान महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नियुक्त

शाजापुर। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष सुश्री नेट्टा डिसूजा के अनुमोदन, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार पूर्व कैबिनेट मंत्री, शाजापुर विधायक हुकुमसिंह कराड़ा की अनुशंसा पर पूर्व विधायक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शकुंतला चौहान शाजापुर को महिला कांग्रेस का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## भाजपा का 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान, कार्यकर्ताओं ने पीएम का सुना भाषण

मण्डीदीप। औद्योगिक नगर मोदी सरकार के नौ साल के कार्यकाल पर भाजपा ने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान का आयोजन किया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एलईडी टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संवाद को सुना। मण्डल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविन्द जैन ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ को मजबूत करने पर पूरा ध्यान दें. हमने सभी ने बूथ को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है. इसके तहत सभी बूथों पर बूथ कमेटी का गठन किया गया है. समय-समय पर उन सभी में जोश व ऊर्जा भरने की आवश्यकता है । मंडल महामंत्री अमित जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का नगर के सभी बूथो के साथ इन्द्रा नगर में डिजिटल माध्यम से लाइव सुना गया।इस अवसर पर भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुरेन्द्र जैन, मण्डल मंत्री जयसिंह मीना, गोपाल तोमर, अरविन्द चौहान, राजू चौहान, रोहित अहिरवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मंडीदीप में शांति के सद्भाव के साथ मनाएंगे ईद का पर्व

मंडीदीप। शहर में आगामी पर्वो को दृश्टिगत रखते हुए मंगलवार को नपा के सामुदायिक भवन में शांती समिती की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता एसडीएम प्रमोद सिंह गुर्जर व एसडीओपी मलकीत सिंह ने संयुक्त रूप से की। सर्व प्रथम ईदुल अजहा को लेकर अधिकारीयो ने व्यावस्थाओ के बारे में पहले जानकारी ली बाद में कुर्बानी से सम्बंधित महत्त्वपूर्ण हिदायतें दी जिस पर अमल करने का मुस्लिम समुदाय के लोगो ने आश्वासन दिया। इस दौरान दोनों थानों के थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी, नरेंद्र पांडे नगर पालिका के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त हिन्दू उत्सव समिती के पूर्व अध्यक्ष व पार्षद जगदीश शर्मा, सोहेल खान, हाजी रमजान खान, नितेश पटेल, हाजी शौकत अली,अतीक अहमद, पंकज खत्री, सहित नगर के अन्य प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

मेरा बूथ सबसे मजबूत

## बूथ समिति के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को सीधे प्रसारण के माध्यम से भाजपा जिला कार्यालय में वर्चुअल सुना

### कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे



धार। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज भोपाल से मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के अंतर्गत पूरे देश से वर्चुअल जुड़े बूथ कार्यकर्ताओं से वर्चुअल संवाद किया और संगठन की सबसे महत्वपूण बूथ इकाई के कार्यकर्ताओं को चुनाव में जीत के अमूल्य मंत्र दिये। भाजपा जिला कार्यालय में मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान से सीधे जुड़ने,वर्चुअल संवाद एवं प्रधानमंत्री को सुनने के लिये सीधा प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विक्रम वर्मा , भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रभु राठौर,जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा,नगर मंडल अध्यक्ष विपिन राठौर व नितेश अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों,पदाधिकारियो ने प्रधानमंत्री जी को सुना।

प्रधानमंत्री जी को सुनने के बाद बूथ के कार्यकर्ता नये जोश,नई उमंग,नये उत्साह के साथ अपने अपने बूथों को लोटे। मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान को लेकर मुख्य कार्यक्रम भोपाल के मोतीलाल नेहरु स्टेडियम में बनाये कुशाभाऊ सभागार में आयोजित किया गया था। इस अभियान के तहत देशभर के अनेक राज्यों के बूथों के ऐसे 3 हजार चयनित कार्यकर्ता शामिल हुए जिन्होंने बूथ सशक्तिकरण अभियान में बड़ा योगदान दिया था। मोदी जी ने आज उनके साथ देश के 10 लाख बूथों के कार्यकर्ताओं से वर्चुअल संवाद जुड़े ओर संवाद किया। इस कार्यक्रम का मध्य प्रदेश के सभी 1082 मंडल, 64,100 बूथों के साथ देशभर के सभी मंडलों व बूथों पर प्रधानमंत्री के संवाद का लाइव प्रसारण देखा गया। इसी प्रकार जिले के सभी 37 मंडलों भी कार्यक्रम आयोजित कर सुना।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया की मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने बदनावर में तथा जिला अध्यक्ष , विधायक, जिला पदाधिकारी जिला पंचायत सदस्य मंडल अध्यक्ष ने अपने अपने स्थानों पर सुना । इस अवसर पर जिला कार्यालय में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विपिन राठौर नितेश अग्रवाल, पूर्व जिला महामंत्री श्याम नायक, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ममता जोशी, पूर्व उपाध्यक्ष कालीचरण सोनवानिया,शिव पटेल अनिल जैन जगदीश जाट कुसुम सोलंकी प्रशांत ठाकरे पार्षद गेंदालाल बमन का चिंटू राठौड़ संजय मकवाना रमाकांत मुकुट सहित अनेक भाजपा मंडल पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी

## राकेश का कांग्रेस प्रवेश: सर मुंडाते ओले पड़े

अजय सिंह कुशवाह, शिवपुरी। जैसे जैसे विधानसभा चुनावों की उल्टी गिनती शुरू हो रही है,जिले में भी राजनैतिक घटनाक्रम तेजी पकड़ता जा रहा है।कोलारस विधानसभा से बैजनाथ सिंह यादव के बाद अब शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ कांग्रेस स्व.सांवलदास गुप्ता के पुत्र एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नज़दीक माने जाने वाले राकेश गुप्ता ने भी कांग्रेस में वापिसी की है। हालांकि अभी कांग्रेस ने इन दोनों की दावेदारी पुख्ता नही की है किंतु राकेश गुप्ता ने पार्टी ज्वॉइन करते ही बड़बोलापन दिखाया और अपनी लड़ाई पहाड़ से बता डाली।पहाड़ यानि प्रदेश की काबीना मंत्री यशोधराराजे सिंधिया।राजनीति में यह नियम माना जाता है कि विरोधी पर सटीक वार आपके रास्ते को सुगम बनाता है, क्रिकेट की तरह कि पकड़ो कैच -जीतो मैच।किंतु राकेश गुप्ता ने अपनी नई पारी का पहला कैच ही छोड़ दिया।स्वघोषित दावेदारी करते हुए राकेश गुप्ता ने कांग्रेस में अपनी वजनदारी को सिद्ध करने के लिए पूर्व में हुए नगरपालिका चुनावों में कांग्रेस से अपने कर्मचारी (नौकर) मुन्नालाल कुशवाह को नगरपालिका अध्यक्ष बनवाने की बात कह डाली। लेकिन गुप्ता का यह बयान उनके गले की फांस बन गया जब मुन्नालाल कुशवाह ने भी यह बयान दे डाला कि उन्हें टिकिट राकेश गुप्ता ने नही बल्कि महाराज अर्थात ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिया था। मुन्नालाल के इस बयान के बाद कुशवाह समाज की नाराजगी भी सामने आ रही है,वहीं विभिन्न राजनैतिक मंचों से ओबीसी समाज की प्रतिक्रियाएं भी सामने आई हैं।राजनैतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले राकेश गुप्ता की यह अपरिपक्व एवं दंभी बयानबाजी को राजनैतिक हल्कों में आश्चर्य से देखा जा रहा है। यदि शिवपुरी विधानसभा से उन्हें कांग्रेस ने टिकिट के लिए आश्वस्त भी किया है तो आगे की संभावित लड़ाई कद्दावर मंत्री यशोधराराजे सिंधिया के साथ होगी। अभी चुनावी शंखनाद हुआ नही है इसके पूर्व ही राकेश गुप्ता अपनी बयानबाजियों से घिरे हुए नज़र आ रहे हैं। अपने पहले ही मोर्चे पर असफल रहे गुप्ता अब आगे की रणनीति क्या बनाएंगे यह गौरतलब होगा पर इतना तो तय है कि उनके खुद के बनाये रास्ते भी कंटीले हैं, पैरों में चुभेंगे.....

## जनसुनवाई में मिले इश्यू को प्राथमिकता से सॉल्व करें

### जनसुनवाई में मिले 150 आवेदन, विभाग प्रार्थी को प्रत्युत्तर दें



छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई की। आम लोगों से प्राप्त 150 आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपा गया। कलेक्टर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनसुनवाई में मिले इश्यू को प्राथमिकता से सॉल्व करें और विभाग प्रार्थी को प्रत्युत्तर दें।

सीमांकन हेतु संबंधित अधिकारी मौके पर जाए। शहरी क्षेत्र छतरपुर में नाली निर्माण के लिए सीएमओ नगरपालिका जरूरत अनुसार मौके का मुआयना करते हुए शिकायत का समाधान करें। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिये गये। आवेदकों को सीखों कमाओ योजना में दक्ष बनाने हेतु प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिये गये।

जनसुनवाई में एडीएम नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम छतरपुर एवं जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों का परीक्षण करते हुये समाधान की कार्यवाही की। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, पीओडूडा, एलडीएम, पुलिस विभाग, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुये।

## 9 सालों में भारत ने गुलामी की बेड़ियां तोड़ी है राजपथ अब कर्तव्य पथ है - राजो मालवीय



रोहित चौधरी बरेली 7 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधानसभा स्तरीय प्रेस वार्ता का आयोजन नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत चौधरी के निज निवास कार्यालय पर हुआ जिसमें आकांक्षी उदयपुरा विधानसभा प्रभारी राजो मालवीय, पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत चौधरी, नगर परिषद उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह चौधरी, जिला मंत्री राजेंद्र ठाकुर, बरेली नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, भारतीय जनता पार्टी जिला सह मीडिया प्रभारी रोहित चौधरी, भरत शर्मा, मनोज चौधरी मौजूद रहे विधानसभा प्रभारी राजो मालवीय ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी के 9 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी ने 30 मई से 30 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान शुरू किया है इस आयोजन में विधानसभा के 1 हजार से अधिक वरिष्ठ परिवारों से संपर्क और सरकार की योजना के लाभार्थियों से पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता संपर्क कर रहे हैं 9 वर्ष भारत के नवनिर्माण के भारत के गरीब कल्याण के 9 वर्ष रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना हर पल देश को महाशक्ति बनाने के लिए समर्पित कर दिया है आज पूरी दुनिया कह रही है कि 21 वीं सदी भारत की सदी है बीते 9 सालों में भारत ने गुलामी की बेड़ियां थोड़ी है राजपथ अब कर्तव्य पद है प्रधानमंत्री प्रधान सेवक के रूप में जनता जनार्दन की सेवा कर रहे हैं धारा 370 धराशाई हुआ ट्रिपल तलाक की कुप्रथा खत्म हुई और आतंकवाद पर सर्जिकल हुआ एयर स्ट्राइक हुआ अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर भगवान राम का भव्य मंदिर का निर्माण तेजी से चल रहा है राजू मालवीय ने केंद्र और राज्य सरकार की चलाई जा रही जन हितेषी योजनाओं की विस्तार पूर्वक प्रेस वार्ता में जानकारी दी और कहां गरीबों के पैसे खाने वाले पंजे से अर्थव्यवस्था को निकालकर इसे भ्रष्टाचार मुक्त बनाया है पूर्व विधायक रामकिशन पटेल ने वर्ष 2013 से 18 के बीच हुए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा 13 से 18 के बीच नई इमारत लिखी गई है बिजली नर्मदा पेयजल सहित अन्य योजनाओं का लाभ विधानसभा को माननीय शिवराज जी के नेतृत्व में मिला है मेरे कार्यकाल में उदयपुरा विधानसभा में पॉलिटेक्निक बरेली सिविल हॉस्पिटल साहिद देवरी को नगर परिषद की सौगात मिली है चारों तरफ सड़कों का जाल बिछा है जो क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है 7 इस बीच नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने सभी अतिथियों और सम्मानित पत्रकार गणों का सम्मान किया।

### कार्यालय सक्षम प्राधिकारी एवं कलेक्टर रायसेन म.प्र.

दिनॉक 31.12.2016 के पूर्व अस्तित्व में आई अनाधिकृत कालोनियो के विकास म.प्र. नगर पालिका कालोनी विकास नियम 2021 उपधारा 23 (3)

### अनाधिकृत कालोनियों की प्रथम सूचना का प्रारूप

क. / लो. नि. / / 2023 /745 सुल्तानपुर, दिनांक 26/6/2023

नगर परिषद सुल्तानपुर द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए मध्यप्रदेश नगर पालिका ( कॉलोनी विकास) नियम 2021 उपधारा 23 ( 3 ) तथा समय समय पर जारी आदेशों के प्रावधानों के अंतर्गत नियम अंतर्गत निम्न अनाधिकृत कालोनियों के विकास की प्राराम्भ की गई है-

| कं. | कालोनी का नाम | पता | कालोनाइजर का नाम | भूमि स्वामी का नाम | कालोनी द्वारा धारित खसरा | कालोनी द्वारा धारित कुल रकबा | कालोनाइजर लायसेंस की स्थिति | डायवर्सन की स्थिति | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीराम कॉलोनी | वार्ड क्रं. 01 | कमलकिशोर आ.नाथूराम राजपाल | कमलकिशोर आ. नाथूराम राजपाल | 298/1/1/1 | 1.71 | NO | YES | |
| | | | | संजीव राजपाल आ. नाथूराम राजपाल | 298/1/1/2 | 1.721 | NO | YES | |
| 2 | अंकुर कॉलोनी 1 | वार्ड क. 01 | अंकुर जैन | अंकुर आ विनोद कुमार जैन | 210/6<br>231<br>232 | 0.198<br>0.283<br>0.202 | NO | YES | |
| 3 | अंकुर कॉलोनी 2 | वार्ड कं. 14 | अंकुर जैन | अंकुश आ. विनोद कुमार जैन | 508/1/1/1/1<br>508/1/1/1/2 | 0.453<br>0.405 | NO | YES | |
| 4 | रायल कॉलोनी सेन्टमेरी स्कूल के पास | वार्ड कं. 14 | फईम खां | फईम खां आ. शमशुददीन | 502/1/1/1/2/1 | 1.089 | NO | NO | |
| 5 | बी.पी.एल. सिटी सेन्ट मेरी स्कूल के पास | वार्ड क्रं. 14 | नदीम खां | मो. नदीम आ. सलीम मंसूरी | 501/2/2/1 | 0.607 | NO | NO | |

मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 उपनियम 23 (3) के अंतर्गत उल्लेखित कॉलोनी के समस्त भवन भू-स्वामी / भू-खण्ड धारको को सूचित किया जाता है कि कॉलोनी के विकास के संबंध में अपने दावे आपत्ति तथा विकास शुल्क सक्षम अधिकारी / नगर पालिका के कार्यालय में 7 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें। कॉलोनी की विस्तृत जानकारी के लिए सक्षम प्राधिकारी / निकाय के कार्यालय में कॉलोनी में संपर्क किया जा सकता है। निर्धारित समय में दावे आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जावेगा कि विकास के संबंध में किसी को कोई भी आपत्ति नहीं है।

**सक्षम प्राधिकारी एवं कलेक्टर**
**जिला रायसेन नगर परिषद सुल्तानपुर**

# कौन हैं पसमांदा मुसलमान जिन्हें रिझाने का प्रयास कर रही भाजपा

## पीएम मोदी क्यों बोले- उनका विश्वास हासिल करेंगे और भ्रम भी दूर करेंगे




**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर देश के मुस्लिम वोट बैंक में करीब 85 फीसदी की हिस्सेदारी वाले पसमांदा मुस्लिमों (सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े मुसलमान) की बदहाली और शोषण का जिक्र करते हुए उन्हें रिझाने का दांव चला है। भोपाल में बीजेपी के बूथ लेवल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति करने वालों ने पसमांदा मुस्लिमों का जमकर शोषण किया, लेकिन देश में कभी इसकी चर्चा नहीं हुई। बीजेपी की सरकार उन्हें भी पक्का घर और मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं दे रही है। हम उनके पास भी विश्वास के साथ जाएंगे और उनके भ्रम दूर करेंगे।

**पसमांदा मुसलमानों को रिझाने का प्रयास क्यों कर रही बीजेपी ?-** ऐसे में लोगों के मन में ये सवाल उठ रहा है कि अब तक हिंदुत्व की राह पर चलने वाली बीजेपी और उसके नेता पसमांदा मुसलमानों को रिझाने का प्रयास क्यों कर रहे हैं। आइए आपको समझाते हैं कि आखिर बीजेपी की नजर में पसमांदा मुसलमान क्यों महत्वपूर्ण हो गए हैं और उन्हें साधकर वो क्या हासिल करना चाहती है।

**पसमांदा पर दांव, बीजेपी की सोची-समझी रणनीति-** बीजेपी और उसकी राजनीति पर नजर रखने वाले पॉलिटिकल एक्सपर्ट के मुताबिक वर्तमान राजनैतिक हालात में बड़ी आबादी वाले पसमांदा मुसलमानों को रिझाना उसकी सोची-समझी राजनीति का हिस्सा है। ऐसा करके वो 2 लक्ष्य साधना चाहती है। पहला- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुस्लिमों के प्रति अपनी पुरानी छवि बदलने और चमकाने के लिए। दूसरा- लोकसभा चुनाव 2024 में विपक्षी दलों के मुकाबले अपना वोट शेयर बढ़ाकर ज्यादा सीटें हासिल करने के लिए।

**भोपाल में पीएम मोदी ने ये कहा-** भोपाल में बीजेपी के बूथ लेवल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यदि हम मुसलमान भाई-बहनों की तरफ देखते हैं तो पसमांदा मुसलमानों का वोट बैंक की राजनीति करने वालों ने जीना मुश्किल करके रखा हुआ है। उनके ही धर्म के एक वर्ग ने पसमांदा मुसलमानों का जमकर शोषण किया है, लेकिन इसकी देश में कभी चर्चा नहीं हुई। उनकी आवाज सुनने को भी कोई तैयार नहीं है। उन्हें आज भी बराबरी का दर्जा नहीं मिला है। उन्होंने मोची, भठियारा, जोगी, मदारी, जुलाहा, लंबाई, तेजा, लहरी, हलदर जैसी पसमांदा जातियों का जिक्र करते हुए कहा कि इनके साथ इतना भेदभाव हुआ है जिसका नुकसान उनकी कई पीढ़ियों को भुगतना पड़ा। बीजेपी सरकार उन्हें भी पक्का घर, मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा दे रही है। हम उनके पास भी विश्वास के साथ जाएंगे और उनके भ्रम दूर करेंगे। पीएम मोदी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) और 3 तलाक का भी जिक्र किया। उन्होंने विपक्ष पर यूसीसी को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि हम उनका हर भ्रम दूर करने की कोशिश करेंगे।

**कौन हैं पसमांदा मुसलमान ?-** बीजेपी में मुसलमानों के इस बड़े तबके के प्रति उमड़े प्रेम के कारणों को विस्तार से समझने से पहले जान लेते हैं कि आखिर पसमांदा मुसलमान कौन हैं। दरअसल, पसमांदा शब्द उर्दू-फारसी का है, जिसका अर्थ है पीछे छूटे या नीचे धकेल दिए गए लोग। वैसे तो भारत में जातिगत जनगणना सालों से नहीं हुई है, लेकिन एक अनुमान के मुताबिक भारत की कुल आबादी में 15 फीसदी मुसलमान हैं, जिनमें से तकरीबन 85 फीसदी पसमांदा मुसलमान हैं। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के अध्यक्ष और पूर्व सांसद अली अनवर के मुताबिक पसमांदा अब पेशमांदा (आगे रहने वाला) होना चाहता है। पसमांदा मुसलमान भारत के मूल निवासी हैं। हम अकलियत (अल्पसंख्यक) के लोग नहीं बल्कि अकसरियत (बहुजन) में शामिल हैं। संगठन का मानना है कि %पसमांदा% हर धर्म में हैं और उसी तरह से मुसलमानों में भी हैं।

**पसमांदा मुस्लिमों में ये जातियां शामिल-** देश में पसमांदा मुसलमान सामाजिक और आर्थिक के साथ ही राजनीतिक और शैक्षणिक रूप से भी काफी पिछड़े हैं। देश में मुसलमानों की कुल आबादी में करीब 85 फीसदी पसमांदा हैं जबकि 15 फीसदी उच्च जाति के मुसलमानों की आबादी है। अगड़ी मुस्लिम जातियां सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत हैं। राजनीति की बात करें तो इस क्षेत्र में भी इन्हीं अगड़ी मुस्लिम जातियों का वर्चस्व रहा है। दलित और बैकवर्ड मुस्लिम, पसमांदा वर्ग में आते हैं। मुसलमानों का यह तबका हमेशा हाशिए पर ही रहा है। यही वजह है कि पीएम मोदी बार-बार पसमांदा मुसलमानों की बात कर रहे हैं। बीजेपी को लगता है कि मुस्लिमों में बहुसंख्यक पसमांदा उपेक्षित रहा है और इसे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देकर बीजेपी के करीब लाया जा सकता है। मुसलमानों के ओबीसी तबके में कुंजड़े (राईन), जुलाहे (अंसारी), धुनिया (मंसूरी), कसाई चिकवा, कस्साब (कुरैशी), फकीर (अलवी), नाई (सलमानी), मेहतर (हलालखोर), ग्वाला (घोसी), धोबी, गद्दी, लोहार-बढ़ई (सैफी), मनिहार (सिद्दीकी), दर्जी (इदरीसी), वन-गुज्जर, गुर्जर, बंजारा, मेवाती, गद्दी, मलिक गाढ़े, जाट, अलवी, जैसी जातियां आती हैं।

**इन राज्यों में लोकसभा की 190 सीटों पर सबसे ज्यादा पसमांदा-** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के संस्थापक अली अनवर अंसारी के अनुसार वैसे तो देश के 18 राज्यों में जहां भी मुस्लिम आबादी है, हर जगह पसमांदा हैं। लेकिन देश के 5 राज्यों विशेषकर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल और असम में इनकी संख्या ज्यादा है। 2011 जनगणना के मुताबिक इन 5 राज्यों में मुस्लिम आबादी की बात करें तो उत्तर प्रदेश में 19.26 प्रतिशत, बिहार में 16.87प्रतिशत, बंगाल में 27.01प्रतिशत, झारखंड में 14.53 प्रतिशत और असम में 34.22प्रतिशत मुस्लिम हैं। इनमें ज्यादातर संख्या पसमांदा मुस्लिमों की है। इन राज्यों में 190 से ज्यादा लोकसभा की सीटें हैं। इसलिए बीजेपी लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए यहां पसमांदा को साधने में लगी है। इसके अलावा दक्षिण भारत के तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों में भी पसमांदा मुस्लिमों की अच्छी-खासी संख्या है।

**यूपी चुनाव में बीजेपी को 8प्रतिशत पसमांदा मुस्लिमों का वोट मिला-** उत्तर प्रदेश के 45 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाली रामपुर लोकसभा सीट पर उपचुनाव में भाजपा को 42 हजार वोटों से जीत मिली थी। मुस्लिमों का गढ़ माने जाने वाले आजमगढ़ उपचुनाव में भी 13 साल बाद बीजेपी कमल खिलाने में कामयाब रही है। इस उपलब्धि पर यूपी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया था कि विधानसभा चुनाव में 8 प्रतिशत पसमांदा का वोट मिला है। इसके अलावा लोकनीति सर्वे 2022 ने भी अपनी रिपोर्ट में बताया है कि 8 प्रतिशत पसमांदा मुस्लिमों ने यूपी विधानसभा में भाजपा को वोट दिए। इसी वजह से कई सीटों पर भाजपा की जीत में पसमांदा ने अहम भूमिका निभाई है। यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में 34 मुस्लिम विधायक जीतकर विधानसभा में पहुंचे हैं, इनमें से 30 विधायक पसमांदा हैं। उत्तर प्रदेश की कुल आबादी में पसमांदा मुस्लिम 18 फीसदी हैं। ऐसे में साफ है कि भाजपा न सिर्फ 80 लोकसभा वाले उत्तर प्रदेश बल्कि बिहार, बंगाल, झारखंड जैसे राज्यों में भी राजनीति साधने की कोशिश कर रही है।

**पसमांदा की कई जातियों को एससी के दर्जे की मांग राह में रोड़ा-** पसमांदा मुसलमानों को साधने की राह में बीजेपी के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस तबके में शामिल कई जातियों को अनुसूचित जाति का दर्जा दिए जाने की मांग है। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बकायदा एक चिट्ठी लिखकर मांग की है कि पसमांदा मुसलमानों की करीब दर्जनभर जातियों को अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जाए, जो फिलहाल ओबीसी में आते हैं। हालांकि संगठन ये मांग नई नहीं है, लेकिन बीजेपी के पसमांदा मुसलमानों के बीच पैठ बनाने की कोशिशों के बीच एक बार फिर इस मांग को नए सिरे से उठाया गया है। संगठन के रहनुमाओं का कहना है कि यदि सरकार वाकई में पसमांदा मुसलमानों का भला करना चाहती है तो उनकी पुरानी मांग को माना जाए। राजनीति के जानकारों की मानें तो इस मांग को स्वीकार किए बिना बीजेपी के लिए पसमांदा मुसलमानों का समर्थन हासिल करना मुश्किल है। यही मांग बीजेपी और पसमांदा मुसलमानों के बीच सबसे बड़ी दीवार बनकर खड़ी है।


**कई जातियों का पेशा दलितों के समान, इसलिए मिले एससी का दर्जा-** ज्यादातर पसमांदा ओबीसी के अंतर्गत ही आते हैं, लेकिन ओबीसी में आने वाली कुछ जातियों की मांग है कि उन्हें एससी का दर्जा मिले क्योंकि उनका पेशा वही है जो हिंदू दलितों का है। अली अनवर का कहना है कि पसमांदा मुसलमानों के अंदर करीब 1 दर्जन जातियां ऐसी हैं जिन्हें अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं मिल रहा है और ऐसा सच्चर कमेटी और रंगनाथ मिश्रा आयोग की सिफारिशों के बावजूद है। वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल करते हैं कि क्या सरकार ऐसी दर्जनभर जातियों को एससी का दर्जा देने को तैयार है? यदि नहीं तो सिर्फ भावनात्मक बातों से पसमांदा मुसलमानों का कोई भला नहीं होने वाला है।

**सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में दलित पसमांदा को एससी में शामिल करने सुझाव-** मुस्लिमों की स्थिति में सुधार के लिए यूपीए सरकार के शासन में गठित सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक 1936 में जब अंग्रेजों के सामने ये मामला गया तो एक इंपीरियल ऑर्डर के तहत सिख, बौद्ध, मुस्लिम और ईसाई दलितों को बतौर दलित मान्यता दी गई, लेकिन इन्हें हिंदू दलितों को मिलने वाले फायदे नहीं दिए गए। 1950 में आजाद भारत के संविधान में भी यही व्यवस्था रही। हालांकि 1956 में सिख दलितों और 1990 में नव-बौद्धों को दलितों में शामिल तो कर लिया गया पर मुस्लिम दलित जातियों को मंडल कमीशन की सिफारिशें लागू होने के बाद ह्रक्वष्ट लिस्ट में ही जगह मिल पाई। इसलिए कमीशन की रिपोर्ट में दलित पसमांदा मुस्लिमों को स्ष्ट में शामिल करने का सुझाव दिया गया।

**बीजेपी स्ष्ट का दर्जा देने के पक्ष में नहीं-** पसमांदा मुसलमानों की कुछ जातियों को एससी में शामिल करने की मांग पर सरकार की तरफ से उन्हें कोई जवाब नहीं मिला है। सच तो ये है कि सत्ता में आने से पहले भी बीजेपी ने पहले कभी पसमांदा मुसलमानों की इस मांग का समर्थन नहीं किया है। इस मुद्दे के जानकारों के मुताबिक संविधान के अनुच्छेद 341 के जरिए, अनुसूचित जाति को आरक्षण मिलता है, लेकिन उसमें राष्ट्रपति का एक आदेश जुड़ा हुआ है। इसके तहत, हिंदुओं में अछूत माने जाने वाली जातियों को ही इसका लाभ मिलेगा। बाद में इसमें 2 बदलाव लाए गए, जिसके तहत मजहबी सिख और बौद्ध धर्म के मानने वाले लोगों को इसमें शामिल किया गया, लेकिन अभी तक इस्लाम और ईसाई धर्म मानने वाली जातियों को इसमें शामिल नहीं किया गया है। सरकार ये मांग मानेगी, इसकी संभावना कम है। इसके पीछे एक ही वजह है कि बीजेपी को इस बात का डर है कि ईसाई और इस्लाम धर्म मानने वालों में कुछ जातियों को स्ष्ट दर्जा दे दिया गया तो धर्म परिवर्तन की दर और बढ़ जाएगी। इसके लिए उसका वैचारिक थिंक टैंक यानी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भी राजी नहीं होगा।

**छवि चमकाने के साथ, वोट शेयर बढ़ाने का प्रयास-** राजनीतिक विश्लेषक अभय कुमार दुबे की राय में भाजपा पसमांदा मुस्लिमों को साधने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पसमांदा के लिए भाजपा कई कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही उत्तर प्रदेश में स्नेह यात्रा भी निकाल चुकी है। ऐसा इसलिए क्योंकि पसमांदा की एक शिकायत रही है कि मुस्लिमों के संपन्न तबके के लोग ही सत्ता में रहते हैं। पसमांदा की इस शिकायत को दूर कर भाजपा इस समुदाय के कुछ लोगों को अपनी ओर खींच सकती है। उनका मानना है कि यदि ठोस राजनीतिक और आर्थिक कार्यक्रम लेकर पसमांदा के बीच जाएगी तो इसका फायदा मिल सकता है। वैसे भी भाजपा की राजनीति काफी फ्लेक्सिबल यानी लचीली रही है। एक वक्त था जब एससी बनाने के लिए भाजपा ने अनुच्छेद 370 और राम मंदिर जैसे मुद्दे को साइड कर दिया था, लेकिन सत्ता में आते ही सबसे पहले यही काम किया। ऐसे में यदि बीजेपी पसमांदा मुसलमानों को रिझाकर उनके कुछ प्रतिशत वोट भी हासिल करने में कामयाब होती है तो ये उसकी रणनीति की सफलता मानी जाएगी। उनकी नजर में भाजपा मुख्य तौर पर दुनियाभर में मुसलमानों के प्रति अपनी छवि चमकाने और अपना वोट शेयर बढ़ाने के लिए पसमांदा मुसलमानों को लुभाने का प्रयास कर रही है।

# आखिर आसमान पर क्यों चढ़े टमाटर के भाव और कब उतरेंगे?



**भोपाल।** किसी अंदाजा नहीं था कि अचानक टमाटर हो गया! जो टमाटर 10 से 20 रुपए किलो में मिल रहा था, वो अचानक 100 और 120 रुपए तक कैसे और क्यों पहुंच गया। बताते हैं कि हिमाचल प्रदेश की बारिश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के अलावा पंजाब लू और की गुजरात में आए चक्रवात तूफान से टमाटर की फसल बर्बाद हो गई। महाराष्ट्र में भी टमाटर की फसल ख़राब हुई, इस कारण देशभर में इन राज्यों से मंडियों में आने वाला टमाटर रुक गया और भाव आसमान पर चढ़ गए।

अभी तक किसानों का जो टमाटर थोक में दो से तीन रुपए किलो बिक रहा था, वो 100 रुपए तक निकल गया। जबकि, कुछ दिनों पहले कई स्थानों से यह खबर भी आई थी कि किसान टमाटर सड़क पर फेंक रहे हैं। दिल्ली और एनसीआर के बाजारों की बात करें, तो इस समय कहीं-कहीं टमाटर की कीमत 100 रुपए प्रति किलो के पार निकल गई। थोक में ही टमाटर 65 से 70 रुपए प्रति किलो पहुंच गया।

### नई फसल में महीना भर लगेगा

मानसून की शुरुआत में ही बिहार, झारखंड समेत कुछ और राज्यों में टमाटर की नई फसल की बुवाई हो जाती है। इस फसल को तैयार होने में करीब महीने भर लगते है। उसके बाद उसमें टमाटर फलने लगता है। इसलिए उम्मीद जताई जा रही है टमाटर के दाम सामान्य होने में इतने दिन तो लगेंगे ही।

### दस दिन में भाव बढ़े

सिर्फ दस-बारह दिन पहले की ही बात करें तो थोक मंडी में टमाटर 30-35 प्रति किलो बिक रहा था। उस समय रिटेल मार्केट में टमाटर की कीमत करीब 40-50 रुपए किलो थी। दिल्ली में टमाटर कई राज्यों से आता है। इनमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक आदि शामिल हैं। टमाटर के भाव सिर्फ दिल्ली में ही नहीं बढ़े!

अन्य राज्यों में भी यही स्थिति है। उत्तर प्रदेश के शहरों में टमाटर के भाव भी 80 से 100 रुपए किलो पहुंच गए। मध्य प्रदेश के बाजार में भी टमाटर इसी भाव बिक रहा है। बिहार और झारखंड में भी टमाटर 80 रुपए तक बिका। राजस्थान में यह 90 से 110 रुपए बिक रहा है तो पंजाब में 60 से 80 रुपए की कीमत पर बिक रहा है।

# टाटा प्ले बिंज भारत का सबसे बड़ा ओटीटी सेवा प्रदाता बना, दे रहा है 27 ऐप्स की सेवा, एक ऐप में

### स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी, डेस्कटॉप, लैपटॉप एवं टेबलेट्स पर देखें 22+ ऐप्स

**मुंबई एजेंसी।** टाटा प्ले बिंज पर 27 ऐप्स की सेवा उपलब्ध होने के बाद यह देश में सबसे बड़ा ओटीटी सेवा प्रदाता बन गया है और ओटीटी सेवाएं प्राप्त करने का अनुभव आसान बना रहा है। टाटा प्ले बिंज के साथ उपभोक्ताओं को अपनी पसंद के कार्यक्रम मोबाईल, डेस्कटॉप, टेबलेट या टीवी पर देखने की सुविधा एक सदस्यता (सब्सक्रिप्शन), एक खोज और एक ऐप में मिल गई है।

टाटा प्ले बिंज पर 13 भाषाओं में 27 लोकप्रिय राष्टीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्टीय ऐप्स की असीमित सेवाएं मिलेंगी, जिसके लिए डीटीएच सदस्यता लेने की भी जरूरत नहीं होगी। इनमें डिज़्नी+ हॉटस्टार, ज़ी5, सोनीलिव, जियो सिनेमा, हॉलमार्क, एमएक्स प्लेयर, लॉयन्सगेट प्ले, अहा, व्रॉट, सननैक्स्ट, रीलड्रामा, वूट किड्स, चौपाल, नम्मा फ्लिक्स, प्लैनेट मराठी, मनोरमामैक्स, कूडे, तरंग प्लस, हंगामा प्ले, ईरोज़ नाउ, शेमारूमी, क्यूरियोसिटी स्ट्रीम, एपिक ऑन, ट्रैवलएक्सपी, डॉक्युबे, शॉर्ट्सटीवी और गेमिंग शामिल हैं। पूरे परिवार का मनोरंजन करने के लिए टाटा प्ले बिंज एक ही सदस्यता में एक साथ अधिकतम चार दर्शकों को अलग-अलग कार्यक्रम देखने की सुविधा प्रदान करता है।

ब्रांड की इस नई उपलब्धि के बारे में श्री हरित नागपाल, एमडी एवं सीईओ, टाटा प्ले ने कहा, ''बहुत सारे ऐप्स की अलग-अलग सदस्यता (सब्सक्रिप्शन) से ओटीटी के दर्शकों को अपनी पसंद का कार्यक्रम खोजना और देखना बहुत मुश्किल हो जाता है। टीवी दर्शकों को अपनी पसंद के कार्यक्रमों की सदस्यता प्रदान करने और उन्हें एक ही जगह खोजना आसान बनाने के सालों के अनुभव ने हमें ओटीटी के लिए भी वैसा ही मंच बनाने में मदद की। बिंज के साथ आपको पूरे परिवार के मनोरंजन और 22 ऐप देखने के लिए केवल 249 रु. प्रतिमाह और 27 ऐप देखने के लिए 349 रु. प्रतिमाह देने होंगे।

## वी बिज़नेस ने एमएसएमई के विकास में मदद करने के लिए लॉन्च किया रुरैडी फॉर नेक्स्ट 2.0

**मुंबई, एजेंसी।** एमएसएमई (लघु एवं मध्यम उद्योग) भारत की अर्थव्यवस्था का एक तिहाई हिस्सा बनाते हैं और देश के आत्मनिर्भर एजेंडा के मुख्य स्तंभों में से एक हैं। ऐसे समय में जब कारोबारों के लिए अपना अस्तित्व बनाए रखने एवं विकसित होने के लिए डिजिटल रूपान्तरण ज़रूरी हो गया है, सरकार भी एमएसएमई सेक्टर की मुख्य चुनौतियों को हल करने के लिए डिजिटल एवं टेक्नोलॉजी के अडॉप्शन पर ज़ोर दे रही है। विश्व एमएसएमई दिवस के मौके पर आज भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया की एंटरप्राइज़ शाखा वी बिज़नेस ने अर्थव्यवस्था के समावेशी विकास के लिए एक बार फिर से एमएसएमई के डिजिटलीकरण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। वी बिज़नेस ने भारत के एमएसएमई सेक्टर का सबसे बड़ा मूल्यांकन किया, जिसके तहत 16 उद्योगों से तकरीबन 1 लाख उत्तरदाताओं को कवर किया गया- वी बिज़नेस ने एमएसएमई की डिजिटल तैयारियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। एमएसएमई की डिजिटल परिपक्वता एवं डिजिटल अडॉप्शन के उनके स्तर को समझना इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य है।

## पीकेएच वेंचर्स लिमिटेड ने अपनी विस्तार योजनाओं के लिए 379.35 करोड़ रुपये तक का पब्लिक इश्यू लान्च किया

**मुंबई एजेंसी।** कंस्ट्रक्शन और डेवलपमेन्ट, होस्पिटालिटी और मेनेजमेन्ट सेवाओं के व्यवसाय में लगा एक अग्रणी कॉर्पोरेट समूह पीकेएच वेंचर्स लिमिटेड विस्तार योजनाओं के लिए अपने आईपीओ से 379.35 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बना रहा है। कंपनी इश्यू की आय से 124.11 करोड हलाईपानी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट में इक्विटी निवेश के लिए, एक सहायक कंपनी गरुड़ा कंस्ट्रक्शन में कार्यशील पूंजी की जरुरतों को फंड देने के लिए इक्विटी निवेश के लिए 80 करोड़ रुपये, 40 करोड़ रुपये अधिग्रहण और अन्य रणनीतिक पहल के माध्यम से इनओर्गेनिक विकास के अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए एवं सामान्य कोर्पोरेट उद्देश्य के लिए उपयोग करने की योजना बनाई है। पब्लिक इश्यू सदस्यता के लिए 30 जून को खुलेगा है और 4 जुलाई, 2023 को बंद होगा। कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होंगे।

# भोपाल - इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर



**भोपाल।** दिन मंगलवार, तारीख जून 27। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखा कर भोपाल ङ्क इंदौर वंदे भारत ट्रेन को रवाना किया। सुबह 10.55 बजे रवाना हो कर यह गाड़ी भोपाल, सीहोर, शुजालपुर, मक्सी, उज्जैन रुकते हुए लगभग चार घंटे मे इंदौर पहुची। क्योंकि इस खास गाडी का पहला दिन था इसलिए प्रत्येक स्टेशन पर वंदे भारत को देखने के लिए बडी तादात में दर्शक हाजिर थे। वे अपनी सैल्फी ले रहे थे। अंदर भी आकर देख रहे थे। ट्रेन में कई सुविधाऐ है। एक्जीक्यूटिव क्लास की सीटों को आगे पीछे घुमाने की सुविधा है। मध्य प्रदेश मे अब तीन वंदे भारत ट्रेन चलने लगी हैं। वंदे भारत श्रृंखला की भोपाल-इंदौर 19वीं और भोपाल-जबलपुर की 20वीं ट्रेन है। उम्मीद की जा रही है कि इन ट्रेन के चलने से निकटवर्ती क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

# मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में जनता की सरकार! किस झंडे तले?

**राजीव खण्डेलवाल**
**(लेखक वरिष्ठ कर सलाहकार एवं पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष हैं)**

वर्ष 2023 में होने वाले मध्य-प्रदेश विधानसभा के चुनाव परिणाम का आकलन आरंभ किए हुए साढ़े चार महीने व्यतीत हो चुके हैं। राजनैतिक परिस्थितियों तेजी से बदलती रहकर कुछ-कुछ दिशा लेने लगी है। यद्यपि अभी तक अन्य पार्टियों की विशेष हलचल चुनावी दृष्टि से दिखाई नहीं दे रही है। आप पार्टी की स्थिति भी अभी तक अस्पष्ट है। आप पार्टी के सौरभ भारद्वाज का यह कथन वह मध्य-प्रदेश में चुनाव नहीं लड़ेगी यदि कांग्रेस? यह फिलहाल एक संकेत मात्र है, इससे ज्यादा कुछ नहीं?

अभी हाल ही में ग्वालियर क्षेत्र से भाजपा के पूर्व संभागीय मीडिया प्रभारी सुबोध दुबे और किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतेंद्र सिंह गुर्जर ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है। यद्यपि फिलहाल दल-बदल की प्रक्रिया कुछ धीमी पड़ गई है। प्रधानमंत्री के 6 दिवसीय विदेशी दौरे पर पूरे मीडिया व राजनैतिक दलों का फोकस (केंद्र) होने के कारण प्रदेश की राजनैतिक हलचल में कोई खास बदलाव पिछले 15 दिनों में देखने को नहीं मिला है।

नौकरी से इस्तीफा देने वाली डिप्टी कलेक्टर (उनका इस्तीफा अभी तक स्वीकार नहीं हुआ हैं) श्रीमती निशा बांगरे का बैतूल के आमला विधानसभा में अंतर्राष्ट्रीय सर्वधर्म सद्भाव सम्मेलन व गृह प्रवेश शासन-प्रशासन की प्रारंभिक अड़चन को रोक-टोक के कारण प्रदेश की मीडिया में व राजनैतिक क्षेत्रों में छाया रहा। बावजूद इसके कार्यक्रम काफी सफल रहा है। बैतूल जिले की राजनीति पर इसका प्रभाव पड़ना अवश्यंभावी है। राजनैतिक गलियों में निशा बांगरे के कांग्रेस टिकट पर आमला से लड़ने की चर्चा जोरों पर है। परन्तु मेरी नजर में वे दो नावों में एक साथ दौड़ रही हैं। इसका फायदा जमीनी कार्यकर्ताओं के स्तर पर चुनाव लड़ने की स्थिति में तो जरूर मिल सकता है। परंतु टिकट मिलने में उनकी यह कलाकारी कहीं आड़े न जाए। कहा जाता है ''दूध का जला छाछ को भी फूंक-फूंक कर कदम उठाता है''। याद कीजिए! 2014 में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पूर्व सेवानिवृत्त नौकरशाह डॉ. भागीरथ प्रसाद को भिंड से टिकट दिया था, उन्होंने अंतिम क्षण में ठुकरा कर भाजपा की टिकट से चुनाव लड़कर विजयी हुए थे। निशा बांगरे ने महत्वपूर्ण गलती यह की कि उक्त कार्यक्रम के दो दिन पूर्व ही मुलताई में संघ कार्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में उन्होंने भाग लिया था, जिसका समाचार मीडिया में आया था। आमला के विधानसभा कांग्रेस के सशक्त दावेदार मनोज मालवे जो पिछला चुनाव लड़ चुके है, अपनी दावेदारी को सुरक्षित बनाये रखने के लिए उक्त घटना का संज्ञान कमलनाथ के पास तो जरूर ले ही जाएंगे?

आज ही प्रधानमंत्री का भोपाल आगमन हुआ। इसे भाजपा का आगामी हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए बिगुल शुरू करने की शुरुआत भी कह सकते है। जहां उन्होंने न लगभग 10 लाख बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं वी.सी के माध्यम से संबोधित किया। ठीक उसी प्रकार जैसे प्रियंका गांधी ने पिछले दिनों जबलपुर आकर चुनावी बिगुल की शंखनाद की थी। प्रधानमंत्री का पहली बार सार्वजनिक मंच से कॉमन सिविल कोड (यूसीसी) पर कार्यकर्ता को जनता के बीच जाने की सलाह तथा वंचित पसमांदा मुसलमानों को इस पर विचार करने का अनुरोध, साथ ही एक परिवार में दो कानून नहीं चलेगा का नया नारा, अल्पसंख्यक वोटों पर चुनावी दृष्टि से क्या प्रभाव डालेगा, इसके लिए थोड़ा इंतजार करना होगा।

अत: स्थिति वही पर फिलहाल टिकी हुई है। यद्यपि तीन दिन पूर्व एक सर्वे सोशल मीडिया पर आया है, जिसमें कांग्रेस को काफी बढ़त दिखाई गई है। तथापि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की दिन-प्रतिदिन नई-नई लुभावनी लोकहित की घोषणाएं जो उनको अभी भी ''घोषणावीर'' बनाई हुई है, कितना इन सर्वो को सामना (काउंटर) कर पाएगी, यह देखना भी कम दिलचस्प नहीं होगा।

# दिंडी यात्रा 29 जुलाई को धर्मगुरुओं का सम्मान करेगी निनाद ललित कला समिति

**छिन्दवाड़ा।** निनाद ललित कला समिति द्वारा दिनांक 29 जुलाई को धर्म नगरी छिन्दवाड़ा में दिंडी यात्रा हेतु पधार रहे धर्मगुरुओं का सम्मान किया जावेगा।निनाद ललित कला समिति के सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि 29 जुलाई को श्री हरिहर महाराज, महामंडलेश्वर श्री दादू महाराज, ह.भ.प. श्री चिंतामन गुर्वे महाराज तथा महामंडलेश्वर श्री डॉ. वैभव अलोनी का आगमन दिंडी यात्रा में हो रहा है। इस अवसर पर सभी धर्मगुरुओं का सम्मान निनाद ललित कला समिति द्वारा शॉल श्रीफल से किया जावेगा। भक्त समुदाय के बीच शास्त्रीय संगीत के प्रचार प्रसार का अनुरोध भी निनाद ललित कला समिति धर्मगुरुओं से करेगी।निनाद ललित कला समिति के दत्तात्रय रत्नाकर, आशीष त्रिपाठी, राजू निमाड़े तथा सभी पदाधिकारियों ने आयोजन में उपस्थित होकर पुण्यार्जन का आग्रह किया है।

# सृष्टि माता मंदिर से मोक्षधाम तक की सडक के हाल बेहाल



**छिंदवाड़ा।** वार्ड नं0 16 सिवनी प्राण मोती की सड़क सृष्टि माता मंदिर से मोक्षधाम तक की सडक के हाल बेहाल । डामरीकृत रोड स्वींकृत हुए 1 वर्ष से अधिक का समय व्यातीत होने के बाद भी नगर निगम द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई है 2 दिन की बारिश से सडक दलदल बन गइ है वार्ड के पार्षद को भी रहवासियों द्वारा बार-बार अवगत कराने के बाद भी कोई ध्या न नही दिया जा रहा है 4 माह पूर्व हुई बारिश में इसी मार्ग पर एक महिला दोपहिया वाहन से दुर्घटना ग्रस्ता हो गई थी परन्तु नगम शायद कोई बडे हादसे की राह देख रहा है वार्डवासी बहुत परेशान है। उचित कार्यवाही मांग कर रहे है।

# सूफी तहसीन ने जीता बेस्ट रोटरेक्ट प्रेसिडेंट का खिताब



**छिंदवाड़ा।** इंदौर में आयोजित अवॉर्ड सेरिमनी में छिंदवाड़ा रोटरेक्ट क्लब के प्रेसिडेंट सूफी अब्दुल तहसीन को बेस्ट प्रेसिडेंट का खिताब से नवाजा गया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जिनेंद्र जैन व डी. आर. सी. के राकेश शारदा द्वारा अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस समारोह अमन खान व उवैश मंसूरी ने जरूरी खिताब अपने नाम किए।वही क्लब को प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए सम्मानित किया गया ।छिंदवाड़ा रोटरेक्ट कलब ने इस मौके में वार्षिक पत्रिका नेट वर्क का प्रमोचन किया। इस मौके में रोहन चोरिया, सिद्धांत प्रखर माहौरे क्लब सदस्य उपस्थित रहे।

# आगामी त्यौहारों को शांति और सद्भाव के साथ मनाएं: निरीक्षक पटले



**बिछुआ।** पुलिस थाना परिसर बिछुआ में मंगलवार को शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी त्यौहारों को शांति और सद्भाव से मनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में नगर परिषद बिछुआ के अध्यक्ष रामचंद्र बोबड़े, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे, बिछुआ तहसीलदार रूपेश्वरी कुंजाम, नायब तहसीलदार सरिता आहके, बिछुआ थाना प्रभारी खेलचंद पटले, माता मां मंदिर समिति अध्यक्ष कमलेश डोंगरे, अंजुमन कमेटी से असलम खान, गणमान्य नागरिकों में रिंकू पटेल, गोवर्धन बोबड़े, जीतू ठाकुर, अशोक करमेले, ओमप्रकाश शर्मा, सुनील साहू, मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र उमेश साहू समेत नगर-ग्राम रक्षा समिति सदस्य, मिडिया कर्मी, गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बिछुआ नगर निरीक्षक खेलचंद पटले ने गणमान्य नागरिकों से आगामी त्यौहार बकरी ईद, गुरू पूर्णिमा आदि शांति और सद्भाव से मनाने की अपील करते हुए त्यौहारों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

# अर्धनारीश्वर शिव मंदिर में स्थापना की

**छिंदवाड़ा।** गुप्त नवरात्रि के समापन पर बजरंग नगर



अर्धनारीश्वर शिव मंदिर में स्थापना की गई पंडित सुनील तिवारी पंडित मुकेश तिवारी एवं ब्राह्मणों के द्वारा पूजा पूजन पाठ संपन्न किया गया विशेष अनुष्ठान माता दुर्गा का संपूर्ण हुआ भंडारा एवं प्रसादी वितरण किया गया विशेष सहयोगी राजा कनोजिया विनय कनौजिया एवं समस्त ग्रामवासी विशेष सहयोग रहा।

# आनंद बक्षी समन्वयक पद पर यथावत बने रहेंगे

**छिन्दवाड़ा।** गत दिवस शहर कांग्रेस में हुये फेरबदल में शहर अध्यक्ष प्रभारी और समन्वयकों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेषित नियुक्ति पत्र प्रदान किये जाने के उपरांत सभी ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ की सहमति से हुये इस फेरबदल में शहर कांग्रेस कमेटी में पूर्व से समन्वयक पद पर पदस्थ आनंद बक्षी अपने पद पर यथावत बने रहेंगे तथा पूर्ववत अपना कार्य करेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने बताया कि श्री कमलनाथ एवं नकुलनाथ के निर्देशानुसार नवगठित शहर कांग्रेस कमेटी के समस्त निष्ठावान पदाधिकारी संगठन के प्रति पूर्णतया समर्पित एवं कमलनाथ व नकुलनाथ के सच्चे सिपाही है।

# महिला अधीक्षक ने मारी सहायक आयुक्त को चप्पल

## छात्रावास के प्रभार को लेकर दोनों के बीच हुई तू तू मैं मैं



सहायक आयुक्त



महिला अधीक्षक

**छिंदवाड़ा।** आदिवासी विकास विभाग में उस समय हंगामा मच गया जब सहायक आयुक्त सत्येन्द्र सिंह मरकाम और छात्रावास अधीक्षक प्रेमिला साहू के बीच छात्रावास के प्रभार को लेकर तू तू मैं मैं शुरू हो गई मामला इतना बढ़ गया कि छात्रावास अधीक्षका ने सहायक आयुक्त की बातों से नाराज होकर उन्हें चप्पल से पिटाई कर दी। हंगामा होते देख आसपास के विभाग के कर्मचारी भी एकत्रित हो गए। पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। अमरवाड़ा के एससी गर्ल्स होस्टल की महिला अधीक्षका छात्रावास के प्रभार को लेकर सहायक आयुक्त से मिलने आई थी। महिला अधीक्षका ने बताया कि जिस महिला को छात्रावास का प्रभार देने के लिए कहा गया है वह छात्रावास आती नहीं है और रजिस्टर्ड ले जाकर घर बैठे साइन करती है जिसका सपोर्ट अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। मैने जब सहायक आयुक्त से इसको लेकर चर्चा की तो उन्होने मुझे गंमार कहा और अपशब्दों का प्रयोग किया जिससे महिला होने के नाते मझे गुस्सा और मैने चप्पल से मारा । महिला ने आरोप लगाया कि अमरवाड़ा की सीईओ मेडम और सहायक आयुक्त पैसे ले रहे हैं। और बिना काम किए पेमेंट निकाल रहे हैं। इस संबंध में जब सहायक आयुक्त सत्येन्द्र सिंह मरकाम से पूछा गया तो उन्होने कहा कि मैने पैसे की कोई डिमांड नहीं की है। महिला अधीक्षक चेम्बर में आई थीं जिन्हें प्रभार देने के लिए कहा गया था। वैसे भी उनके पास दो छात्रावास का प्रभार है लेकिन आर्डर होने के बाद वे प्रभार देने से मना कर रही हैं। महिला के साथ कोई अभद्र व्यवहार नहीं किया गया है। छात्रावास अधीक्षका विवाद के बाद बेहोश भी हो गई जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बहरहाल आदिवासी सहायक आयुक्त कार्यालय में हुई अधिकारी और महिला अधीक्षक के बीच तू तू मैं मैं पूरे कलेक्ट्रेट मे चर्चा का विषय बनी हुई है। कोई अधिकारी की गलती बता रहे हैं तो कोई महिला अधीक्षक को दोषी ठहरा रहे हैं। घटना के बाद मामला कलेक्टर तक पहुंच गया है। देखना है कि इस मामले में किस पर कार्रवाई होती है।

# अनुकंपा नियुक्ति, सीमाकंन व बंटवारा करने, प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाने मांग की

## जनसुनवाई कलेक्ट्रेट में सुनी गई 87 आवेदकों की समस्याएं



**छिन्दवाड़ा।** आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । प्रभारी कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल ने जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 87 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, सीमाकंन व बंटवारा करने, प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाने, भूमि का कब्जा दिलाने व आवासीय पट्टा प्रदाय करने, अवैध कब्जा हटाने, ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने, सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन, जीपीएफ व अन्य राशि का भुगतान करने, प्रसूति सहायता राशि दिलाने, आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी । प्रभारी कलेक्टर जैसवाल ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिये भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम उभेगांव के महेश मर्सकोले ने सेवानिवृत्ति के बाद अवकाश नगदीकरण की राशि दिलाने, ग्राम सोनाखार के श्री गनेशलाल अहरवार ने म.प्र. भवन संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के श्रम कार्ड में परिवार के एक सदस्य का नाम दर्ज करने, बिछुआ नगर की श्रीमती लता बरखे ने मकान का पट्टा व आवास योजना का लाभ दिलाने व ओमकार सिंह चौधरी ने सेवानिवृत्ति के बाद अवकाश नगदीकरण की राशि दिलाने, ग्राम पिपरियारत्ती के नरेन्द्र शर्मा ने भूमि का सीमांकन कराने, ग्राम सारना की श्रीमती जानकी बाई ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, ग्राम गोरेघाट की श्रीमती स्वरूपा धुर्वे ने विधवा पेंशन दिलाने, छिंदवाड़ा नगर के हरिओम मथुरिया ने जमीन का सीमांकन व कब्जा दिलाने, श्री सुम्मीलाल सिगरोड़ा ने पीएम आवास की दूसरी किश्त दिलाने, श्रीमती सुनीता गोस्वामी ने पुत्र के ईलाज के लिये आर्थिक सहायता दिलाने, श्री मदन कुमार ने बच्चों की टी.सी.में माता-पिता का नाम संशोधित कराने, श्रीमती याशिका निम्बुलकार ने बच्चों की स्कूल फीस माफ कराने, राजू अमबादे ने पुत्री का स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनाने, सुश्री चेतना कुमारी ने विद्युत बिल सुधारने व श्री संजय ठाकरे ने बच्चों की स्कूल फीस माफ कराने, ग्राम पंधराखेड़ी के श्री गणेश देशमुख ने बीमारी के उपचार के लिये आर्थिक सहायता दिलाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर ओ.पी.सनोडिया, एसडीएम श्री अतुल सिंह व संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई ।

# संकुल स्तरीय व्यवस्था होगी समाप्त

## एरिया एजुकेशन ऑफिसर के क्षेत्र निर्धारण को लेकर जिला स्तरीय बैठक

**छिंदवाड़ा।** जिले में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल छिंदवाड़ा में जिला शिक्षा अधिकारी जी एस बघेल के नेतृत्व में एवं छिंदवाड़ा डीपीसी की विशेष उपस्तिथि में जिले के समस्त बी ई ओ, बीआरसी ,संकुल प्राचार्य एवं जन शिक्षकों तथा लेखापाल की बैठक जिला स्तर पर संपन्न हुई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा एरिया एजुकेशन ऑफिसर के क्षेत्र निर्धारण संबंधी महत्वपूर्ण चर्चा की जिसमे सभी उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को विविध आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।शिक्षा विभाग के आदेशानुसार अब जल्द ही संकुल व्यवस्था को समाप्त कर उसके स्थान पर एरिया एजुकेशन ऑफिसर के पद को सृजन कर शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने का कार्य किया जाएगा जिसको लेकर शिक्षा विभाग में जल्द ही बदलाव देखा जायेगा जिसको लेकर शिक्षा विभाग अपनी तैयारी कर उक्त व्यवस्था को संचालित करने हेतु बैठक कर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को उक्त विभिन्न बिंदुओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। जिसमे एरिया एजुकेशन ऑफिसर के अंतर्गत आने वाली शालाओं का एरिया का निर्धारण कर वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराने हेतु जानकारी भेजने की बात कही जिसे समय सीमा में पूर्ण करने के दिशा निर्देश भी जिला शिक्षा अधिकारी जी एस बघेल ने दिये साथ ही वर्तमान समय में स्कूल खुलने पर बच्चो का नवप्रवेश, नि: शुल्क पुस्तक वितरण , साईकिल वितरण , छात्रवृत्ति बच्चों की मैपिंग रजिस्ट्रेशन सहित सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।इस अवसर पर छिंदवाड़ा डी पी सी ,समस्त बीईओ, संकुल प्राचार्य ,बीआरसी,जनशिक्षक लेखापाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मूंग व उड़द की उपार्जन सीमा में वृध्दि

छिन्दवाड़ा। भारत सरकार के कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्राइज सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत रबी वर्ष 2023 व विपणन वर्ष 2023-24 में ग्रीष्मकालीन फसल मूंग व उड़द की प्रतिदिन प्रति किसान 25 क्विंटल की उपार्जन सीमा में वृध्दि कर अब प्रतिदिन प्रति किसान 40 क्विंटल उपार्जन सीमा का निर्धारण किया गया है। इस संबंध में राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास संचालनालय द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में प्रभारी कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल द्वारा उप संचालक कृषि, उपायुक्त सहकारी संस्थायें, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जिला विपणन अधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी और फसल उपार्जन के सभी नोडल अधिकारियों को ग्रीष्मकालीन फसल मूंग व उड़द उपार्जन के लिये आवश्यक कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर नशा मुक्ति प्रदर्शनी

## आम जन व अन्य सभी वर्गों के लोग प्रदर्शनी का 15 अगस्त तक निःशुल्क कर सकते हैं अवलोकन




**छिन्दवाड़ा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के शासकीय कला पथक दल, गायत्री परिवार, म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा सभी धार्मिक व सामाजिक संगठनों के सहयोग से छिंदवाड़ा नगर के बस स्टैंड के पास मोहन नगर रोड पर स्थित गायत्री चेतना केंद्र में अंतर्राष्टीय नशा निवारण दिवस पर नशा मुक्ति प्रदर्शनी लगाई गई है जिसका गत दिवस लगभग 200 व्यक्तियों और आज लगभग 300 व्यक्तियों ने अवलोकन किया । इस प्रदर्शनी को आगामी 15 अगस्त तक प्रतिदिन प्रातः 6 से रात्रि 8 बजे तक निःशुल्क देखा जा सकता है । सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक श्री एस.के.गुप्ता द्वारा जिले के आम जन, नशा से प्रभावित लोग, युवक-युवतियां, विद्यार्थीगण, व्यापारी, किसान, मजदूर आदि सभी वर्गों के लोगों से इस प्रदर्शनी के अवलोकन की अपील की गई है ।

# कड़ी मेहनत से ही मिलेगी सफलता: विश्वनाथ ओक्टे

## रेनेसां यूनिवर्सिटी में अब 50 विद्यार्थियों को मिलेगी निःशुल्क शिक्षा



छिन्दवाड़ा। देश में छिन्दवाड़ा एकमात्र ऐसा जिला है जहां पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ के प्रयासों से निरंतर निःशुल्क कॅरियर काउंसलिंग, शिक्षा, प्रशिक्षण व रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। रेनेसां यूनिवर्सिटी इंदौर से निःशुल्क उच्च शिक्षा के लिये 30 विद्यार्थियों का चयन किया जाना था, किन्त कमलनाथ व नकुलनाथ के प्रयत्नों से अब 50 विद्यार्थियों को चयनित किया जाएगा। उपस्थित विद्यार्थी पूरी ईमानदारी से अपनी शिक्षा प्राप्त करें क्योंकि प्रतियोगिता के इस दौर में कड़ी मेहनत से ही सफलता प्राप्त हो सकती है। उक्त उदगार जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने विद्यार्थियों के आयोजित काउंसलिंग सत्र में व्यक्त किये। स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में आयोजित विद्यार्थियों के काउंसलिंग सत्र में उपस्थित छात्र-छात्राओं उनके पालक परिजन व अभिभावकों को सम्बोधित करते हुये कहा कि जल्द ही भोपाल की सेज यूनिवर्सिटी के लिये भी युवाओं को निःशुल्क उच्च शिक्षा के अवसर प्राप्त होंगे। स्नातक उत्तीर्ण युवाओं के लिये देश की नंबर एक आईटी कंपनी टीसीएस हेतु कैंपस ड्राइव छिन्दवाड़ा में ही आयोजित किया जावेगा। महापौर विक्रम अहके ने कहा कि आज यहां से तीसरे बैच के लिये विद्यार्थियों का चयन किया जा रहा है। इसके पूर्व 2021 एवं 2022 में 120 विद्यार्थियों को अवसर मिल चुका है। इन सभी के शिक्षण में प्रतिवर्ष लगाने वाले करोड़ों रुपये शुल्क का वहन कमलनाथ व नकुलनाथ के द्वारा किया जा रहा है। नकुल-कमलनाथ के निज सचिव संजय श्रीवास्तव ने भारी बारिश के बीच दूर दराज व ग्रामीण अंचलों से उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया साथ ही युवाओं को मिल रहे अवसरों का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। रेनेसां यूनिवर्सिटी की प्रथम बैच की छात्रा जिज्ञासा मुंगिया ने अपने चयन एवं दुबई की यात्रा के अनुभव विद्यार्थियों से साझा किये। कार्यक्रम समन्वयक कीर्ति सोनी ने विद्यार्थियों को साक्षात्कार, चयन प्रक्रिया, अनिवार्य दस्तावेज, हॉस्टल सुविधा आदि की जानकारी प्रदान की। साक्षात्कार उपरांत चयनित विद्यार्थियों की जानकारी व्हाट्शएप ग्रुप में प्रदान की जावेगी। एचसीएल कलस्टर हेड मनीष डेनियल ने एचसीएल के टेकबी कार्यक्रम एवं अवसरों की जानकारी प्रदान की। राजोल खिरवड़कर, साक्षी सरमैया ने टीसीएस के युथ एम्प्लायमेंट प्रोग्राम आयुष सोनी, तानिया तिवारी ने आईएआर एफ के

# निगमायुक्त राहुल सिंह ने किया आपदा नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण

## कर्मचारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**छिंदवाड़ा।** निगमायुक्त राहुल सिंह द्वारा शहरी क्षेत्र में वर्षा ऋतु को देखते हुए पृथक से नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। पानी टंकी के स्थापित इस विशेष कक्ष में 24 घंटे क्विक रिस्पांस टीम उपस्थित होती है। मंगलवार को व्यवस्थाओं का जायजा लेने निगमायुक्त राहुल सिंह पुरानी सब्जी मंडी के पास स्थित पानी टंकी पहुंचे। निगमायुक्त ने भ्रमण के दौरान शिकायत रजिस्टर की जांच की एवं आवश्यक निर्देश दिए। इसके उपरांत आयुक्त ने क्विक रिस्पांस दल के सदस्यो से मुलाकात कर तैयारियो की जानकारी ली एवं टीम के पास उपलब्ध संसाधनों की जांच की। नियंत्रण कक्ष में संपर्क हेतु दूरभाष क्रमांक 07162-222347 जारी किया गया है। निगमायुक्त की तत्परता के चलते शहर में प्री मानसून में कहीं भी जल भराव की स्थिति नही बनी है। नियंत्रण कक्ष में सूचना प्राप्त होने पर दल द्वारा तत्काल स्थल पर पहुंचकर जल निकासी की जा रही है ।

# अभी तक 142.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले में अभी तक 142.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 152.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 27 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 65.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 27 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिन्दवाड़ा में 13.8, मोहखेड़ में 36.4, तामिया में 160, अमरवाड़ा में 71.4, चौरई में 34.4, हर्रई में 142.4, सौंसर में 41.9, पांढुर्णा में 16, बिछुआ में 23.1, परासिया में 79.1, जुन्नारदेव में 98, चांद में 65 और उमरेठ में 68.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

# ईदुल अज़्हा का त्यौहार 29 को

**छिंदवाड़ा।** अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी छिन्दवाड़ा की जानिब से छिंदवाडा जिले व शहर के तमाम हजरात को ईदुल अज़्हा (बकरा ईद) की बहुत बहुत मुबारकबाद पेश की जाती हैं और इत्तेला दी जाती हैं कि ईदुल अज़्हा (बकरा ईद) का त्यौहार दिनांक 29 जून 2023 दिन जुमेरात (गुरुवार) को मनाया जायेगा ।ईदुल अज़्हा (बकरा ईद) की नमाज़ जामा मस्जिद (गोलगंज) और रिसाला मस्जिद (राज टाकिज के पास) में सुबह ठीक 07 बजे अदा की जाएगी, नूरी मस्जिद ऊंटखाना में सुबह ठीक 07:30 बजे अदा की जाएगी, बड़ी ईदगाह में सुबह ठीक 8 बजे अदा की जाएगी और छोटी ईदगाह में 08:30 बजे अदा की जाएगी ।नमाज के वक्त बारिश होने की सूरत में दोनों ईदगाहों के अलावा शहर की तमाम मस्जिदों में ईदुल अज़्हा (बकरा ईद) की नमाज अदा की जाएगी, लिहाजा वक्त का ख्याल रखे । प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रशासन से मांग की गई हैं कि ईदुल अज़्हा (बकरा ईद) त्यौहार के मौके पर ईद के दिन ईदगाह पहुचं मार्ग एवं मस्जिदों एवं मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में साफ सफाई और पेयजल की उचित व्यवस्था की जाये । ईद के दिन ईद की नमाज़ के दौरान प्रातः 6:00 बजे से 10:00 बजे तक जामा मस्जिद, बैल बाजार, चौराहों, ईदगाह के पास, ईदगाह के पीछे तथा ईदगाह पहुंच सभी मार्गों पर यातायात व्यवस्था किया जाना आवश्यक है ।अंजुमन कमेटी आप तमाम लोगों से गुजारिश करती हैं कि जानवरों का वेस्टेज मटेरियल निगम द्वारा घुमाई जाने वाली गाड़ियों पर ही डाले नगर निगम के द्वारा ईद के तीनों दिन कचरा गाड़ी घुमाई जाएगी और साफ-सफाई का ख्याल रखे और कुर्बानियाँ रोड पर न करें जिससे किसी को परेशानी हों, ईदुल अज़्हा का त्यौहार पुर अमन तरीके से मनाये ।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति हर तरह से युवाओं के लिए उपयुक्त

## शासकीय महाविद्यालय उमरानाला में व्याख्यान का आयोजन



**छिंदवाड़ा।** शासकीय महाविद्यालय उमरानाला में अंग्रेजी विभाग द्वारा इंपॉटेंस ऑफ न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 फॉर द यूथ ऑफ मध्यप्रदेश विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ.अजीत डेहरिया सहायक प्रध्यापक अंग्रेजी शासकीय महाविद्यालय बिछुआ ने विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 हर तरह से युवाओं हेतु उपयुक्त है। कार्यक्रम में डॉ. जी.एस. आर. नायडू विभागाध्यक्ष शारीरिक विभाग द्वारा विद्याथी को योग शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा पर महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में डॉ.गौरी बेदी, डॉ. सरिता कुशवाह, श्रीमति उषा ठाकरे, सुकलाल डेहरिया एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सिविल अस्पताल पांढुर्णा में रक्तदान शिविर



**छिन्दवाड़ा।** प्रधान न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा और जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सविता ओगले के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पांढुर्णा श्री कृष्णदास महार के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल पांढुर्णा में आज रक्तदान शिविर संपन्न हुआ । शिविर में 31 यूनिट रक्तदान हुआ। जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पांढुर्णा श्री महार ने बताया कि शिविर में उनके स्वयं के साथ ही व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड पांदुर्णा भूपेन्द्र आर्य, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ पांदुर्णा विजय केवटे, अधिवक्ता अवतार सिंह रामगढिया, भागवत निकोसे व दिपेश पदमाकर, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी पांदुर्णा शिवेन्द्र सिंह तोमर, सुश्री याश्मीन कुरैशी, नवीन जैसवाल, निलेश वरकडे, विजय करोसिया, राजेश परतेती, रवि सोनी और अस्पताल के कर्मचारीगणों के साथ ही अन्य व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल पांदुर्णा दिपेन्द्र सलामे व नर्स स्टाफ ने रक्तदान शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य किया । इस अवसर पर अधिवक्ता सुश्री नेहा तितरे व सुश्री दिव्या पदमाकर सहित अन्य अधिवक्तागण और नागरिकगण उपस्थित थे ।

# स्टेंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन आज

छिन्दवाड़ा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के व्दितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के अंतर्गत मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में 28 जून को प्रातः 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में स्टेंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है। इस बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

# Amazon to create 20 lakh jobs and invest $15 billion in India



An American multinational technology company, Amazon has committed to invest an additional $15 billion in India over the next seven years. This will take the company's total India investment across all businesses to $26 billion, Amazon CEO Andy Jassy told Indian Prime Minister Narendra Modi during the latter's US month.

Andy Jassy shared a tweet saying, "Productive meeting with Prime Minister @NarendraModi. Discussed Amazon's commitment to invest $26B in India by 2030; working together we will support startups, create jobs, enable exports, and empower individuals and small businesses to compete globally."

Prime Minister Narendra Modi shared the tweet saying, "PM @narendramodi met CEO of @amazon @ajassy in Washington DC. Their discussions focused on topics such as e-commerce, digitisation efforts and the logistics sector."

Rajeev Chandrasekhar, the IT minister said, "This big investment commitment by @amazonIN is to invest $26 billion by 2030 and create 20 Lakh jobs in India – is consistent with PM @narendramodi ji's vision of a Digital and Self-Reliant India n will help further deepen the #AI(America-India) tech partnership."

Earlier in May, Amazon Web Services (AWS) announced it plans to invest INR 1,05,600 crores (US $12.7 billion) into cloud infrastructure in India by 2030 to meet the growing customer demand for cloud services in India.

This investment is estimated to contribute INR 1,94,700 crores (US $23.3 billion) to India's total gross domestic product (GDP) by 2030. This planned investment in data center infrastructure in India will support an estimated average of 1,31,700 full-time equivalent (FTE) jobs in Indian businesses each year.

These positions, including construction, facility maintenance, engineering, telecommunications, and other jobs, are part of the data center supply chain in India.

# Lulu Group to create employment for 50,000 people in India




An Indian Emirati-based multinational conglomerate company, Lulu Group will be investing Rs 10,000 crore in India on various ongoing projects over the next three years.

Yusuff Ali also said the Lulu Group has committed about Rs 3,500 crore in investments in Telangana in the next five years.

"We have got an investment of more than Rs 20,000 crore in different areas including shopping malls, hotels, and food processing units (in India). We will increase this," Yusuff Ali said.

"We have started the construction of a shopping mall in Ahmedabad. And also another one in Chennai we are coming up. A food processing plant is coming up in Noida and another one is in Telangana. It is Rs 10,000 crore investments in the next three years," Yusuff Ali added.

The company aims to provide employment to 50,000 people in India and so far his various enterprises have given over 22,000 jobs.

Recently, the group has further strengthened its presence in South India with the grand opening of its world-class hypermarket in Coimbatore. It is billed as the biggest hypermarket in Tamil Nadu, with an amazing shopping experience. Tamil Nadu Industries Minister TRB Raja inaugurated the hypermarket in the presence of Lulu Group Chairman MA Yusuff Ali and other dignitaries.

"Offering Lulu's services in Tamil Nadu makes us very happy. The residents and visitors of Coimbatore now have access to a world-class retail environment with cutting-edge amenities. An international logistics hub for the export of food products, including a rice mill in Thanjavur, is also being planned."

Both directly and indirectly, 5000 people will get employment, and more local youths will be employed in our establishments, Lulu Group Chairman MA Yusuff Ali said at the opening ceremony.

The new hypermarket is the direct result of the MoU signed with the Tamil Nadu government following the earlier meeting of Tamil Nadu Chief Minister MK Stalin with Lulu Group Chairman MA Yusuff Ali in Abu Dhabi.

International logistics centres and food processing units are also planned at multiple regions in the state for the export of agricultural and food products.

Also present on the occasion were Ashraf Ali MA, Lulu Executive Director, Anand Ram AV, Lulu India and Oman Director, Saifee Rupawala, CEO, Rejith Radhakrishnan Nair, Lulu India COO, and other top officials





केंद्रीय जल संसाधन राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आज संसदीय क्षेत्र दमोह में वृक्षारोपण कर अपना जन्म दिन मनाया। इसके साथ ही दमोह में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के तत्वावधान में चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया।

# पीएम मोदी सबसे बड़े प्रशासक, चीफ एक्जीक्यूटिव लेकिन संगठन की बात आती है तो कभी समय देने से नहीं हिचकते

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राजधानी के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में भाजपा के दस लाख बूथ कार्यकर्ताओं को मेरा बूथ सबसे मजबूत के जरिये बीजेपी की जीत का मंत्र दिया। इस कार्यक्रम में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि इस संवाद में 15 हजार मंडलों के कार्यकर्ता शामिल हैं और दस लाख कार्यकर्ता डिजिटली जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि देश के सबसे बड़े प्रशासक मोदी जब भी पार्टी की बात आती है तो समय देने से पीछे नहीं हटते। कुशल प्रशासक और संगठन के संगठक मोदी की कार्यपद्धति में संगठन रचा बसा है। अल्पकालीन विस्तारकों की सोच पीएम मोदी की ही है जिसका सुझाव पीएम ने संसदीय दल की बैठक में दिया था और कमजोर बूथों को मजबूत करने के लिए कहा। नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी के कहने पर ही अल्पकालीन विस्तारकों को राज्यों में निकालने का फैसला किया गया। आज 2649 अल्पकालीन विस्तारक यहां से चुनावी राज्यों में जाएंगे।



**मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा स्वामी विवेकानंद का सपना-शिवराज-** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चौतरफा विकास होने के साथ दुनिया में भारत की साख बढ़ी है। वसुधैव कुटुम्बकम और विश्व कल्याण के संदेश को पीएम मोदी ने दिया है। अमेरिका प्रवास के दौरान वहां की संसद में पीएम मोदी के स्वागत में 15 बार तालियां बजाना बताता है कि वे दुनिया में सबसे लोकप्रिय हैं। जो कार्यकर्ता संवाद के लिए चुने गए हैं वे सौभाग्यशाली हैं और मध्यप्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। चौहान ने स्वामी विवेकानंद के वक्तव्यों को याद करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद द्वारा कही गई बातें पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए हम संकल्प लेकर जाएंगे और बूथ जीता चुनाव जीता की अलख पांचों राज्यों में जगाएंगे।

**प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड-** मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने दिया। शर्मा ने इस प्रशिक्षण के लिए एमपी का चयन किए जाने पर एमपी के बीजेपी कार्यकर्ताओं की ओर से आभार माना। उन्होंने प्रदेश भाजपा का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए कहा कि 10906 शक्ति केंद्रों में बूथ विजय संकल्प अभियान चलाया गया है। साथ ही 5400 क्लस्टर पर भी पार्टी का कार्यक्रम चला है। इसके पहले सीएम शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का और प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया और मेरा बूथ सबसे मजबूत के प्रतीक स्वरूप मोमेंटो भेंट किया।

**हर लोकसभा क्षेत्र से आए पांच-पांच कार्यकर्ता-** पीएम मोदी द्वारा दिए गए जीत का मंत्र सुनने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश के सभी लोकसभा सीटों से 5-5 बूथ कार्यकर्ताओं को बुलाया गया। इस तरह 2900 अल्प विस्तारक भोपाल पहुंचे जिनसे सोमवार की रात राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी मुलाकात कर उन्हें संबोधित किया था। इसमें पश्चिम बंगाल में चुनाव के चलते वहां के कार्यकर्ता नहीं आ

### जन्मदिन मंगलमय



सुप्रसिद्ध राजनीतिक विश्लेषक, वरिष्ठ पत्रकार ,लेखक और हमारे बड़े भाई श्री गिरिजा शंकर जी का आज जन्मदिन है, हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। बाबा महाकाल आपको स्वस्थ, प्रसन्न रखें आप दीर्घायु हो।

# बालू रेवा पुल खतरे की स्थिति में, ट्रेनें डायवर्ट

**इटारसी।** नरसिंहपुर और करेली रेलवे स्टेशन के बीच बालू रेवा पुल खतरे की स्थिति में होने से रेलवे ने कई ट्रेनों को डायवर्ट किया है। बताया जा रहा है कि लगातार बारिश के कारण इस पुलिया में कुछ धंसाव देखा गया है, ऐसे में रेलवे ने यहां से यातायात रोक दिया है।

भोपाल मंडल पीआरओ सूबेदार सिंह के अनुसार नरसिंहपुर एएसएम ने 7¬45 पर रिपोर्ट दी कि नरसिंहपुर-करेली सेक्शन के बीच 897/21 से 897/15 तक किलोमीटर पर बालू रेवा पुल खतरे की स्थिति में है, कृपया अपने डिवीजन में अप और डाउन ट्रेनों को नियंत्रित करें। इस घटना के बाद कुछ ट्रेनों को रद्द किया गया है, कुछ के मार्ग परिवर्तित किए हैं, कुछ को शार्ट टर्मिनेट किया गया है। परिवर्तित मार्ग वाली ट्रेनों को वाया भोपाल बीना कटनी होकर चलाया जा रहा है। यात्रियों को यात्रा करने से पूर्व रेलवे से स्थिति की जानकारी लेकर ही यात्रा करनी चाहिए

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियॉ़** 27 जून 2023 को अपने प्रांरभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाडी संख्या 12322 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-हावड़ा



एक्सप्रेस, गाड़ी सख्या 12149 पुणे-दानापुर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12167 लोकमान्यतिलक टर्मिनस-बनारस एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 20903 एकता नगर-वाराणसी एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 11061 लोकमान्यतिलक टर्मिनस-जयनगर एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग वाया भोपाल-बीना-कटनी मुरवाड़ा-कटनी-कटनी होकर चलाया जा रहा है।

**आंशिक निरस्त/ओरिजिनेट की जाने वाली गाड़ियॉ़** 28 जून 2023 को अपने प्रांरभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 22187 रानी कमलापति-आधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस गाडरवाड़ा स्टेशन पर आंशिक निरस्त की जायेगी तथा गाड़ी संख्या 22188 आधारताल-रानी कमलापति इंटरसिटी एक्सप्रेस गाडरवाड़ा स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन के मध्य चलाई जायेगी। ये दोनों गाड़ियॉं गाडरवाड़ा-आधारताल-गाडरवाड़ा स्टेशनों के मध्य निरस्त रहेंगी।

# आईआईटी और एनआईटी ने 4 साल के टीचर एजुकेशन प्रोग्राम बनाए

## अलग-अलग तरह के बीएड कोर्स डिजाइन किए

**नई दिल्ली।** यदि आप शिक्षक बनने का सपना देख रहे हैं तो अब आप 12वीं के बाद ही अपने इस सपने को पूरा कर सकेंगे। नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन ने इस शैक्षणिक सत्र से आईआईटी और एनआईटी जैसे देश के 42 टॉप सरकारी उच्च शिक्षण संस्थानों से एक नए चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम की शुरुआत की है। इसके तहत स्कूली शिक्षा के चारों स्टेज ( फाउंडेशनल, प्रीपेटरी, मिडिल और सेकंडरी ) के लिए अलग-अलग बीएड कोर्स डिजाइन किए गए हैं। इनमें बीए-बीएड, बीएससी- बीएड व बीकॉम-बीएड जैसे कोर्स शामिल है।

### आईआईटी और एनआईटी से होगी कोर्स की शुरुआत

इन कोर्सों के पीछे उद्देश्य स्कूली शिक्षा के प्रत्येक स्तर के लिए विशेषज्ञ शिक्षक तैयार करना है। अभी देश में सिर्फ एक ही तरह की बीएड कोर्स होता है। फिलहाल इन बीएड कोर्सों को देश के जिन शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थानों से शुरू किया जा रहा है, उनमें आईआईटी और एनआईटी भी शामिल है। इस प्रोग्राम के तहत फाउंडेशन स्टेज का बीएड कोर्स करने वाले शिक्षक दूसरी कक्षा तक के छात्रों को पढ़ा सकेंगे, जबकि प्रीपेटरी स्टेज का बीएड कोर्स करने वाले तीसरी से पांचवीं तक, मिडिल स्टेज का बीएड कोर्स करने वाले शिक्षक छठवीं से आठवीं तक और सेकंडरी स्टेज का बीएड कोर्स करने वाले नौवीं से बारहवीं तक के बच्चों को पढ़ा सकेंगे।

### एनटीए ने जारी की अधिसूचना

इस बीच इन कोर्सों में दाखिले के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने एक डीटेल नोटिफिकेशन भी जारी कर दी है। इसके तहत इन कोर्सों में दाखिला नेशनल कामन एंट्रेंस टेस्ट के जरिए दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया 26 जून यानी सोमवार रात से शुरू कर दी गई है। इसके लिए 18 जुलाई तक आवेदन किए जा सकेंगे।

### 178 शहरों में 13 भाषाओं में आयोजित होगी परीक्षा

परीक्षा की तारीख का अभी ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि जुलाई के अंतिम हफ्ते में आयोजित हो सकती है, वहीं यह परीक्षा सीयूईटी की तरह कंप्यूटर आधारित होगी, जो देश के करीब 178 शहरों में और 13 भाषाओं में आयोजित होगी। फिलहाल शैक्षणिक सत्र- 2023-24 के लिए चुने गए 42 संस्थानों में करीब चार हजार सीटें इसके लिए सृजित की गई है। इनमें आईआईटी खडगपुर, आईआईटी भुवनेश्वर के साथ एनआईटी अगरतला, एनआईटी कालीकट, एनआईटी वारंगल और एनआईटी पुंडुचेरी भी शामिल है।

### बड़ी संख्या में संस्थानों ने कोर्स शुरू करने की दी अनुमति

इन सभी संस्थानों को सिर्फ बीएससी-बीएड कोर्स शुरू करने की अनुमति दी गई है। इस कोर्स को शुरू करने के लिए वैसे तो बड़ी संख्या में संस्थानों ने रुचि जताई थी, लेकिन एनसीटीई ने सिर्फ सरकारी और शीर्ष रैंकिंग वाले संस्थानों को ही इसकी अनुमति दी है। एनसीटीई की मानें तो यह पहल शिक्षक पेशे की प्रतिष्ठा को एक नई ऊंचाई देने के लिए की गई है। गौरतलब है कि आईआईटी और एनआईटी जैसे संस्थान अभी सिर्फ तकनीकी शिक्षा के लिए पहचाने जाते हैं।

# आदिवासी कलाकारों के साथ थिरके स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, वंदे भारत ट्रेन का किया भव्य स्वागत

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 5 नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात दी है, उन्होंने मंगलवार को राजधानी भोपाल में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वही शाजापुर जिले के शुजालपुर पहुंचने पर स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के नेतृत्व में वंदे भारत ट्रेन का भव्य स्वागत किया। इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री आदिवासी कलाकारों के साथ थिरकते नजर आए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से एक साथ 5 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। रेलवे के इतिहास में ऐसा पहली बार है



जब देश को एक साथ पांच ट्रेनों की सौगात मिली हों। जो पांच नई ट्रेने शुरू हुई हैं उनमें दो ट्रेनें मध्य प्रदेश में शुरू की जाएंगी। जबकि एक दक्षिण भारत में, एक बिहार में और आखिरी ट्रेन मुंबई-गोवा वंदे भारत एक्सप्रेस होगी। वही वंदे भारत ट्रेन के शुजालपुर पहुंचने पर स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने मीडिया से चर्चा करते हुए एक साथ पांच वंदे भारत ट्रेनों की सौगात के लिए ऐतिहासिक दिन बताया साथ ही कहा की आने वाले दिनों में वंदे भारत ट्रेन का शुजालपुर में स्टॉपेज का प्रयास किया जाएगा ताकि यहां के व्यापारियों को भी इसका लाभ मिले।

# गले की मांसपेशियों द्वारा सांस की नली को अवरुद्ध करने की वजह से होती है नींद में साँस की रुकावट: डॉ. अभिषेक गोयल

**भोपाल।** राजधानी में बुधवार को अरेरा कालोनी स्थित परिवार नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को के सभागार में नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट कन्ज्यूमर एवं कन्ज्यूमर वॉइस, नई दिल्ली द्वारा आयोजन किया गया जिसका प्रमुख विषय नींद में साँस की रुकावट और उच्च रक्त चाप रहा। इस बीमारी से सोते समय माँस में अवरोध या ऑब्सट्रक्टिव स्वीप एपनिया एप्रिया एक गंभीर विकार है जिसमे सोते-सोते नींद में ही इंसान की साँस रुक जाती है। इसी बीमारी से सुप्रसिद्ध संगीतकार बप्पी लाहिरी की नींद में ही मौत होगई। इसके अलावा अमरीका के 27वें राष्ट्रपति विलियम होवार्ड टेफ्ट भी इसी विकार से जान गंवा चुके हैं।

वैसे तो इस बीमारी का पता 360 ईसा पूर्व पता चल गया था किंतु विस्तार से इस पर तवज्जो पिछले कुछ सालों से दी जारही है। इस



विकार से प्रभावित कुछ महत्त्वपूर्ण हस्तियाँ में फांसीसी नामक नेपोलियन बोनापार्ट, इंग्लैंड के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल, अमरीकी राष्ट्रपति फ्रेंकलिन रुजवेल्ट और थिओडोर रूजवेल्ट, ब्रिटेन के सम्राट हेनरी अष्टम और महारानी विक्टोरिया आदि।

**नींद में खर्राटे आना हो सकता है उच्च रक्त चाप का कारण-** रिपोर्ट के मुताबिक स्लीप एप्रिया दुनिया में 100 करोड़ लोगों को प्रभावित करता है। भारत में तकरीबन 25 प्रतिशत वयस्क पुरुष ओएसए की समस्या से जूझ रहे हैं यानी हर बार में से एक वयस्क पुरुष महिलाएं भी इससे बची नहीं हैं। स्लीप एप्रिया की वजह से हृदय रोग, हार्ट फेलियर हाइपरटेंशन (हाई ब्लड प्रेशर), मोटापा और स्ट्रोक जैसी समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के प्रमुख और स्लीप स्पेशलिस्ट डॉ. अभिषेक गोयल ने बताया कि ऑब्स्ट्रक्टिव स्लीप एप्रिया या नींद में साँस की रुकावट गले की मांसपेशियों द्वारा सांस की नली को अवरुद्ध (ब्लॉक) करने की वजह से होता है जिसके कारण सोते समय खर्राटे आने और माँस लेने में तकलीफ के लक्षण दिखाई देते हैं। इससे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में ऑक्सीजन का प्रवाह कम हो जाता है जो दिल से जुड़ी गंभीर समस्याएं पैदा कर सकता है- जैसे हाइपरटेंशन और हार्ट अटैक इसके गंभीर मामलों में ऑक्सीजन की आपूर्ति की कमी से मस्तिष्क को भी नुकसान हो सकता है जिससे मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। इसका सीधा असर दिन में अत्यधिक थकान होना, दिन में ज्यादा नींद आना, याददाश्त कमजोर होना, एकाग्रता में कठिनाई और चिडचिडापन हो सकता है। डॉ. गोयल कहते हैं कि [illegible] के रोगियों में सामान्य आबादी की तुलना में सड़क दुर्घटना का जोखिम अधिक होता है क्योंकि वाहन चलाते समय व्यक्ति अपने आसपास की गतिविधियों के प्रति सतर्क नहीं रह पाता। ओएसए के कारण शरीर की प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी), मेटाबोलिज्म, इन्सुलिन प्रतिरोध और लिपिट असामान्य होने लगता है।